दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। गुरुवार 12 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 349 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## संसद में विपक्ष का अनोखा प्रदर्शन

### तिरंगा और गुलाब देकर किया बीजेपी सदस्यों का स्वागत



**नई दिल्ली।** बुधवार को संसद में विपक्षी सांसदों ने अनोखा प्रदर्शन किया। एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में लाल गुलाब लेकर उन्होंने BJP सांसदों का अभिवादन किया। विपक्ष का कहना था कि संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले और अडानी मामले समेत सभी मुद्दों पर चर्चा हो। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के नेतृत्व में चल रहे अडानी मुद्दे पर प्रदर्शनों की सीरीज का हिस्सा था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को तिरंगे के आकार का कार्ड भेंट किया। यह तब हुआ जब सिंह संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे। कांग्रेस, DMK, JMM और वाम दलों सहित कई विपक्षी सांसद एंट्री गेट के सामने तिरंगा कार्ड और लाल गुलाब लेकर खड़े थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कई सांसदों के हाथों में 'देश को बिकने मत दो' जैसे नारे लिखे तख्तियां भी थीं।

यह विरोध प्रदर्शन एक दिन पहले हुए प्रदर्शन के बाद हुआ, जिसमें सांसदों ने गहरे नीले रंग के झोले लिए थे। इन झोलों पर एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडानी के कार्टून छपे थे और दूसरी तरफ 'मोदी-अडानी भाई-भाई' लिखा था। मंगलवार को उन्होंने मोदी और अडानी के बीच कथित सांठगांठ के खिलाफ नारेबाजी की और मामले की JPC जांच की मांग की।

# आफ्टर ऑल खत्म हुई अधिवक्ताओं की स्ट्राइक

# जल्द मिलेगी चारों माननीय को रद्द हुई मेंबरशिप

## आज से शुरू होगा गाजियाबाद कचहरी में न्यायिक कार्य



**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने बुधवार को मीटिंग कर जिला जज और अधिवक्ताओं की वार्तालाप के बाद लगभग 41 दिन से जारी अधिवक्ताओं की हड़ताल को खत्म कर दिया है। तो वहीं 38 दिनों से कचहरी का जो कामकाज पूरी तरीके से बंद था, वह गुरुवार 12 दिसंबर से शुरू हो जाएगा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने घोषणा की है कि वह गुरुवार से न्यायिक कार्य शुरू करेगी। तो वहीं 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को भी आयोजित किया जाएगा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के 22 वरिष्ठ अधिवक्ताओं की कार्यकारिणी ने बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ वातालर्प करते हुए हड़ताल समाप्ति की घोषणा की है। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव अमित नेहरा का कहना है कि गुरुवार से बार एसोसिएशन गाजियाबाद जो 4 नवंबर से न्यायिक कार्य से विरत चल रही थी, वह गुरुवार से सभी काम करेगी।

### करंट क्राइम की खबर पर फिर लगी मोहर

**करंट क्राइम :** बीते दो दिन पहले ही दैनिक करंट क्राइम ने खबर प्रकाशित की थी, जिसमें अंदेशा जताया गया था कि शीतकालीन सत्र की छुट्टी होने से पहले और 14 दिसंबर तक हड़ताल खत्म हो सकती है। साथ ही बताया गया था कि इस पूरे मामले को लेकर किस तरीके से सीबीआई के एक जज द्वारा बातचीत का मंच बनाया गया है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिकारियों को भी बार की हड़ताल खत्म करने के लिए मनाया गया था।


शीतकालीन अवकाश से पहले निपट जाएगा हड़ताली मैटर!

मंगलवार को भी जारी रहेगी वकीलों की हड़ताल

क्या बातचीत से हल निकालने का सफल रहेगा प्रयास

### वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अध्यक्षों का भी रहा हड़ताल खत्म करने में सहयोग

**करंट क्राइम :** गुरुवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद और अधिवक्ताओं के बीच हड़ताल खत्म कराने का जो सीन बना है, उसमें कार्यकारिणी के अध्यक्ष के रूप में दीपक शर्मा, सचिव अमित नेहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शबनम खान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल त्यागी और सह सचिव प्रशासन कमल किशोर के साथ ही पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और पांच बार गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे राकेश कुमार त्यागी कैली, राकेश त्यागी ककड़ा, ठाकुर चंद्रकांत सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर अयूब अली, सत्यकेतु सिंह, शिवकुमार गुप्ता, पंकज शर्मा, नरेश कुमार चौधरी, अनीश कुरेशी, फतेहचंद गोयल, हरिओम शर्मा, संजय त्यागी डबाना, राजीव त्यागी किसौला, सुधीर सहलोत उर्फ बॉबी, कपिल देव त्यागी, अरविंद द्विवेदी, परमेंद्र नागर, ब्रजकिशोर गुप्ता, राजेंद्र चौधरी, शिवकुमार गुप्ता ,सुभाष चंद्र सक्सेना, सुंदर त्यागी, अरविंद द्विवेदी यह ऐसे अधिवक्ताओं के नाम है जिन्होंने बार एसोसिएशन गाजियाबाद की 38 दिनों से जारी कलम बंद हड़ताल को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्होंने अध्यक्ष और सचिव से कई स्तर की बातचीत की ताकि वह कोई निर्णायक फैसला ले सके। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले में राकेश कुमार त्यागी कैली और कुंवर अयूब अली ने मजबूती से हड़ताल खत्म करने के लिए अपनी सहमति बार एसोसिएशन गाजियाबाद को दी थी।




### आज से विधिवत होगा काम और 14 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**करंट क्राइम :** बीते लगभग 41 दिनों से गाजियाबाद में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी था, तो 38 दिनों तक कलम बंद हड़ताल चली। इस दौरान प्रदेश के कई जिलों से लेकर कई राज्यों में हड़ताल और अधिवक्ताओं पर हुए 29 नवंबर को जिलाजज अनिल कुमार सिंह के कोर्टरूम में लाठीचार्ज के विरोध का नजारा देखने को मिला था। वहीं लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता हड़ताल पर चले गए थे और उन्होंने कचहरी से लेकर कोर्टरूम तक काम बंद कर दिया था। इस दौरान 22 जिलों का समर्थन भी गाजियाबाद बार को हासिल। तो लगातार आंदोलन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता जुट रहे थे। लंबी प्रक्रिया, बातचीत और विवाद खत्म कराने के साथ ही अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने पर भी सहमति बनने की बात की गई है। वहीं इस दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति कंट्रोल में रहे इसके लिए पुलिस द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। जिसमें एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव भी पूरी तरह से मुस्तैद रहे हैं।

### बार सचिव बोले, जल्द बहाल होगी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और दोनों विधायकों की सदस्यता

**करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं की हड़ताल और माननीय द्वारा उनका समर्थन नहीं करने से आहत होकर बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने गाजियाबाद में चारों माननीयों की बार एसोसिएशन गाजियाबाद की सदस्यता को खत्म कर दिया था। बीते दिनों इसको लेकर अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी। तो हड़ताल खत्म होने के बाद जब दैनिक करंट क्राइम ने बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव अमित नेहरा से बातचीत की और पूछा की हड़ताल तो खत्म हो गई है। अब माननीयों की सदस्यता कब बहाल की जाएगी, तो उन्होंने साफ कहा कि अभी हड़ताल समाप्ति की घोषणा हुई है। एक-दो दिन में विधिवत काम करने के बाद जल्द ही माननीयों की सदस्यता पुन बहाल कर दी जाएगी। इसमें कोई संदेश नहीं है।


बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने लिया बड़ा फैसला

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप सहित चार विधायकों की बार सदस्यता रद्द

विधायक नंदकिशोर गुर्जर और अजीत पाल त्यागी का भी नाम शामिल

## भाजपा अध्यक्ष को लेकर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कह दी गजब की बात

# कहा- किसी की जेब का नहीं होना चाहिए महानगर अध्यक्ष

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा संगठन चुनाव चल रहे हैं। मंडल अध्यक्षों के बाद महानगर अध्यक्ष की घोषणा होनी है। पार्टी हाईकमान पहले ही ये कह चुका है कि लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संगठन के चुनाव हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी को भी गुटबाजी या नारेबाजी की अनुमति है। यहां आपसी सहमती बहुत जरूरी है। वहीं संगठन का महानगर अध्यक्ष कैसा होना चाहिए इसको लेकर सब अपने-अपने विचार रख रहे हैं। कुछ तटस्थ भाव में हैं और कुछ का कहना है कि चूंकि अध्यक्ष संगठन की धुरी होता है और उसमें और कार्यकताओं में दूरी नहीं होनी चाहिए। भाजपा का महानगर अध्यक्ष कैसा होना चाहिए इसको लेकर करंट क्राइम ने भाजपा के एक ऐसे व्यक्तित्व से बात की जो संगठन में भी रहे हैं और जिन्होंने सदन भी देखा है। भाजपा की सियासत का एक पूरा युग देखा है, वो चार बार लोकसभा सांसद रहे हैं। भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर को मौजूदा समय में महानगर अध्यक्ष की खूबियों को लेकर बात की। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने इस विषय पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि सबसे पहली बात ये है कि संगठन की कमान ऐसे व्यक्ति को दी जानी चाहिए जो कार्यकताओं के बीच रहता हो और जनता के बीच रहता हो। उन्होंने कहा कि महानगर अध्यक्ष किसी व्यक्ति विशेष का ना होकर जनता का होना चाहिए। पूर्व सांसद ने इस बात पर जोर दिया कि महानगर अध्यक्ष कार्यकताओं के बीच का हो और वह किसी भी बड़े नेता की जेब का व्यक्ति नहीं होना चाहिए। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा महानगर अध्यक्ष के लिये ईमानदार होना पहली शर्त है। वो ईमानदार होना चाहिए और एक्टिव होना चाहिए। महानगर अध्यक्ष मैनीपुलेशन वाला नहीं चाहिए। अध्यक्ष पद को लेकर पूर्व सांसद ने कहा कि महानगर अध्यक्ष पुराना कार्यकर्ता होना चाहिए। वो कार्यकताओं की सुधबुध में शामिल होता हो और जनता के बीच जाकर काम करता हो। वो जनता से जुड़ा हो और उन्होंने एक बार फिर जोर देते हुए कहा कि महानगर अध्यक्ष पद पर कोई व्यक्ति ऐसा नहीं होना चाहिए जिस पर किसी व्यक्ति विशेष की मुहर लगी हो। जिसके बारे में ये जनधारणा हो कि यह व्यक्ति किसी खास लीडर का, किसी पदाधिकारी का, किसी जनप्रतिनिधि का जेबी है।

### जो समझ रहे हैं खुद को भाजपा का मालिक, दूर हो जाएगी गलतफहमी



पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यहां कार्यकर्ता को देवतुल्य की संज्ञा दी गई है। कार्यकर्ता सर्वोपरि है इसलिए यहावं संगठन चुनाव की परिपाटी है। उन्होंने कहा कि महानगर अध्यक्ष सहित सभी पदों पर उचित ईमानदार और कर्मठ व्यक्तियों का चयन होना जरूरी है। क्योंकि वर्ष 2027 का चुनाव महानगर अध्यक्ष की कप्तानी में ही लड़ा जाएगा। ऐसे में पूरी टीम ऊर्जावान रहे और कार्यकर्ता का सम्मान रहे इसके लिए अध्यक्ष पद पर सही व्यक्तित्व का, सही चेहरे का आना जरूरी है। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने अपने शब्दबाण पर किसी पर तो निशाना साधा है। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि भाजपा में कई ऐसे लोग हैं जो अपने मन में ये सोचकर बैठे हैं कि हम भाजपा के मालिक हैं। उनको लग रहा है कि वो संगठन से लेकर सरकार तक अपनी दखल रखते हैं, वो फैसलों को प्रभावित कर सकते हैं। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि ऐसे लोगों की गलतफहमी जल्द ही दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भाजपा है और यहां सामूहिक निर्णय होते हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से फैसले लिये जाते हैं।

# 16 दिसंबर को भगवा कमांडर रखेंगे विधानसभा के भीतर शहर विधायक के रूप में कदम

## पहले सत्र में समझेंगे विधानसभा का चलन और फिर उठाएंगे प्रश्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शीतकालीन सत्र आ रहा है और यूपी की लखनऊ में विधानसभा से लेकर विधायक निवास पर चहल पहल रहनी है। ये वो मौका होता है जब पूरे उत्तर प्रदेश के विधायक लखनऊ में आते हैं। अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर सवाल उठाते हैं। यूपी में 16 दिसंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। इस बार का ये सत्र गाजियाबाद सदर सीट से विधायक चुने गए संजीव शर्मा के लिये बेहद खास रहेगा। विधायक के रूप में वो पहली बार विधानसभा में कदम रखेंगे। विधायक निर्वाचित होने के बाद उन्होंने लखनऊ में विधायक पद की शपथ ली थी लेकिन विधानसभा में वो नहीं गए थे।

अब शीतकालीन सत्र शुरू होगा तो संजीव शर्मा विधायक के रूप में पहली बार लखनऊ में विधानसभा में कदम रखेंगे। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधायक के रूप में यह पहला सत्र है। मैं इसे लेकर रोमांचित भी हूं और एक बार पुनः मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं।

संजीव शर्मा ने कहा कि वह एक सामान्य प्रक्रिया से इस सत्र में भाग लेंगे। उन्होंने इस सत्र में कोई सवाल नहीं लगाया है। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह पहले सत्र में विधानसभा का चलन देखेंगे, यहां की प्रक्रिया को सीखेंगे। पार्टी के वरिष्ठ विधायकों से मिलकर पूरी प्रक्रिया को समझेंगे। उन्होंने कहा कि इस सत्र के लिये कोई सवाल नहीं रखा है और इस सत्र में वो सदन की कार्यप्रणाली को समझ लेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को लेकर उनके पास अनेकों सवाल हैं। जिस क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपना विधायक चुनकर भेजा है वह उस क्षेत्र की जनता को निराश नहीं करेंगे। क्षेत्र की जनता की आवाज के रूप में विधानसभा में वो सवाल भी उठाएंगे, क्षेत्र की समस्या को भी उठाएंगे।

### 15 दिसंबर को ही लखनऊ पहुंच जाएंगे भाजपा के सभी विधायक

शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है, लेकिन सभी भाजपा विधायक 15 दिसंबर को ही लखनऊ पहुंच जाएंगे और 15 दिसंबर से ही भाजपा विधायक दल विधानसभा सत्र की तैयारी करेगा। 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री ने भाजपा विधान मंडल दल की बैठक बुलाई है। 15 दिसंबर वाली बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा भाजपा के विधायकों को निर्देशित किया जाएगा कि किस विषय पर क्या रणनीति रहेगी। भाजपा की टीम को किस तरह से सत्र में विपक्ष की तैयारियों के जवाब में पलटवार करना है। 15 दिसंबर को ही सवालों को लेकर भी रणनीति बन जाएगी और 16 दिसंबर शीतकालीन सत्र शुरू होगा।

# सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का पुष्पा-2 का फायर लुक

## ...और 2027 का क्या है इसमें संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोशल मीडिया पर बुधवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का फायर लुक सुर्खियों में रहा। सुनील शर्मा फैन क्लब की ओर से ये वीडियो अपलोड किया गया था। इस वीडियो में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को पुष्पा -2 के फायरी लुक में दिखाया गया है। बैकग्राउंड म्यूजिक भी वही है। सबसे खास बात ये है कि इस वीडियो में ये बताया गया है कि ये तो फायर निकला है।

बहरहाल फैन क्लब ने ये वीडियो डाला और फिर ये वीडियो चर्चा का विषय बन गया। खास बात ये है कि विधायक नंबर वन को फायर से कनैक्ट किया गया और वर्ष 2027 का जिक्र किया गया।

अभी 2027 दूर है और अभी फिलहाल चुनाव भी नहीं है लेकिन सुनील शर्मा फैनक्लब आखिर इस पोस्ट से, इस वीडियो से क्या संदेश देना चाहती है। वो क्या कहना चाहते हैं ये स्पष्ट नहीं कहा गया लेकिन कुछ तो कहा गया है और कुछ तो संदेश दिया गया है। बहरहाल कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का ये लुक सुर्खिया बटोर रहा है।

### ये मेरी पोस्ट नहीं है ये किसी समर्थक की अभिव्यक्ति है : सुनील शर्मा




**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के फायरी लुक ने जब सुर्खियां बटोरी तो इस वीडियो को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। पुष्पा-2 लुक को लेकर जब कैबिनेट मंत्री को बताया गया तो उन्होंने इससे अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि मेरे पर्सनल एकाउंट से कोई ऐसी पोस्ट नहीं डाली गई है। जब उन्हें बताया गया कि यह सुनील शर्मा फैन क्लब द्वारा पोस्ट डाली गई है। इस पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुस्कुराये और उन्होंने कहा कि उनके बहुत सारे फैन हैं और बहुत सारी उनकी टीम है। उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ता की अभिव्यक्ति है, यह मेरे समर्थकों की मुझे लेकर अभिव्यक्ति है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है। ये कार्यकर्ताओं के भाव है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...
गाजियाबाद/मोदीनगर/हापुड़/नोएडा
नई दिल्ली, गुरुवार
12 दिसंबर-2024


# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जनसुनवाई के उपरांत किया कलेक्ट्रेट प्रांगण का औचक निरीक्षण

## जहां स्वच्छता होगी, वहां एक स्वस्थ सुविचार का उद्भव होगा : डीएम





### हमें अपने आस-पास के प्रवेश को सदैव स्वच्छ रखना चाहिए : जिलाधिकारी

जनसुनवाई के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यालयों, गोदामों और खाली पड़े स्थानों सहित अन्य जगहों का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की उक्त जगहों पर बेकार पड़े व निष्प्रयोजन सामान को नियमानुसार हटाया जाएं। हर जगह साफ-सफाई की जाये। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, जहां स्वच्छता होगी वहां एक स्वस्थ सुविचार का उद्भव होगा। प्रांगण में जहां-जहां ग्रीन बैल्ट है वहां पौधों पर विशेष ध्यान दिया और अधिक पौधे लगाए जाएं। जरूरी नहीं है कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान ही वृक्षारोपण किया जाएं, वृक्ष हमारे लिए कितने आवश्यक हैं यह हम सभी जानते हैं इसलिए कभी भी मौके मिले तो वृक्ष जरूर लगाने चाहिए। उन्हें लगाने के उपरांत उनकी देख-रेख करना भी जरूरी है। हमें अपने आस-पास के प्रवेश को सदैव स्वच्छ रखना चाहिए।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रतिदिन की तरह प्रातः 10:00 बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने के तक जनसुनवाई की। इस दौरान जीडीए, विकास भवन, पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायतें सहित अन्य निवेदन पत्र प्राप्त हुए।

### शिकायतों और आवेदनों का समयांतराल में किया जाये निस्तारण : डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा शिकायतकर्ताओं, आवेदनकर्ताओं की अपीलों को गम्भीरता से सुना व समझा गया। इसके उपरान्त उनकी शिकायतों और आवेदनों पर विचार करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता से समयांतराल में निस्तारण किया जाये। इस दौरान अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एनएच-9 पर दर्दनाक हादसा, सड़क पार करते चार को रौंदा, दंपति समेत तीन की मौत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर बाईपास पर एनएच-9 पर उस समय बड़ा हादसा हो गया जब शादी समारोह से लौटते चार लोग पैदल ही सड़क पार करने के लिए अंडरपास की ओर जा रहे थे, इस दौरान किसी वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में तीन मौतें हुई हैं। मरने में वालों दादरी निवासी दंपति शामिल है। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। शादी वाले घर तक खबर पहुंची तो खुशियां अचानक मातम में बदल गई। हादसे में घायल एक महिला को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पवन ने मौके पर तोड़ा दम

दादरी के ठुकरान मोहल्ले में रहने वाले पवन, पत्नी सुनीता के साथ विजयनगर की माता कालोनी में रहने वाली और दिल्ली के पालमपुर इलाके में रहने वाल श्वेता एक शादी समारोह में शामिल होने मुरादाबाद गए थे। चारों देर रात बस में सवार होकर वापस लौटे। सभी विजयनगर बाईपास पर बस से उतरे और माता कालोनी में नीलम के घर जाने के लिए पैदल ही सड़क पार करने के लिए बागू अंडरपास की ओर बढने लगे। इसी दौरान चारों किसी वाहन की चपेट में आ गए। पवन की मौके पर मौत हो गई।

### पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान पवन की पत्नी सुनीता और माता कालोनी में रहने वाली नीलम की भी मौत हो गई। दिल्ली निवासी श्वेता का अस्पताल में उपचार चल रहा है। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि एनएच-9 पर लगे सीसीटीवी की फुटेज के जरिए हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हत्या के 12 वर्ष बाद रेप पीड़िता बच्ची को मिला इंसाफ

# गौतमबुद्ध नगर कोर्ट ने आरोपी को भेजा जीवनभर के लिए जेल

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** एक कहावत है, भगवान के घर में देर है, अंधेर नहीं। यह कहावत एक बार फिर गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय में सही साबित हुई है। आज से करीब 12 साल पहले जिले में एक 5 साल की बच्ची के साथ रेप किया गया था। रेप के बाद आरोपी ने बच्ची की हत्या कर दी थी। इस मामले में अब 12 साल बाद जिला न्यायालय ने फैसला सुनाया है। आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा आरोपी के ऊपर 30,000 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश प्रियंका सिंह ने की और पीड़िता की तरफ से पैरवी सरकारी वकील शिल्पी भदोरिया ने की है।

शिल्पी भदोरिया ने बताया कि यह घटना 24 अक्टूबर 2012 की है, जब नोएडा में एक बच्ची के साथ हैवानियत की वारदात को अंजाम दिया गया था। बच्ची मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के रहने वाली थी, लेकिन वह अपने माता-पिता के साथ नोएडा में रह रही थी। बीते 24 अक्टूबर 2012 को बच्ची के माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरान आरोपी अमित कुमार मासूम बच्ची के घर पहुंचा और उसको घूमने के बहाने बाहर लेकर चला गया। आरोपी अमित कुमार का पीड़ित और मासूम बच्ची के घर पर पहले से आना जाना था।




### जंगल में ले जाकर हैवानियत के बाद हत्या

शिल्पी ने बताया कि आरोपी अपने साथ बच्ची को जंगल में ले गया और वहां पर उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। नामो-निशान मिटाने के लिए बच्ची की हत्या कर दी और उसके बाद उसके शव को मिट्टी में दबाने का प्रयास कर रहा था। तभी कुछ लोग मौके पर आ गए और इस मामले का खुलासा हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उसको जेल भेज दिया। आरोपी तभी से जेल में सलाखों के पीछे है। इस मामले में अभी तक 14 गवाह पेश हुए हैं। गवाह और सबूत को ध्यान में रखते हुए जिला अदालत में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा पुलिस जांच के दौरान मासूम बच्ची के कपड़े मिले थे। जिनको फाइनेंसिंग जांच के लिए भेजा गया। उन कपड़ों पर बच्ची के खून के निशान मिले। यह घटना काफी दर्दनाक थी। उस समय यह जिले में बड़ा चर्चा का विषय बन गया था।

### हापुड़ पहुंची यूपी महिला आयोग की सदस्य

# पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई कर तत्काल कार्रवाई करने के दिए निर्देश




● जिले में पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न, मारपीट सहित मामलों से पीड़ित एक दर्जन से अधिक महिलाओं की जनसुनवाई की।

**हापुड़, करंट क्राइम।** शहर के मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस के सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजन किया गया।

इस दौरान महिलाओं की समस्याओं को सुनकर कर सम्बंधित थाना प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला महिलाओं की जनसुवाई करने के लिए मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस के सभागार कक्ष में पहुंची। जहां इस दौरान उनका एसडीएम ईला प्रकाश श्रीवास्तव और जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह ने स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने जिले में पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न, मारपीट सहित मामलों से पीड़ित एक दर्जन से अधिक महिलाओं की जनसुनवाई की। जिनका संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित थानों प्रभारी निरीक्षकों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने नगर पालिका परिषद और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार, एसडीएम ईला प्रकाश, महिला थाना प्रभारी अरुणा राय, पंचायती राज विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला थाना और विद्यालय का किया निरीक्षण

वहीं उन्होंने जनसुनवाई के बाद महिला थाने का निरीक्षण कर निर्देशित करते हुए कहा कि थाने में पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्रों का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जाए। इसके बाद मीनाक्षी भराला ने जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही निर्देशित किया कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं से वंचित नहीं रहे।

# जोनल प्रभारियों ने संभाली कमान विजयनगर, कवि नगर के साथ वसुंधरा में भी चला अतिक्रमण हटाने का अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रवर्तन दल टीम के साथ मिलकर शहर हित में अभियान चला रहे हैं। विजयनगर कवि नगर तथा वसुंधरा जोन में अभियान चलाया गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई से जनता में रहता है तथा गाजियाबाद नगर निगम को धन्यवाद प्राप्त हो रहा है।

अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई से शहर की जनता को राहत

क्षेत्रीय पार्षदों तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सहाना की गई। साथ ही व्यापारी वर्ग ने भी अतिक्रमण हटाने की मुहिम में अपना सहयोग किया। शहर की जनता मार्गों को अवमुक्त करने पर राहत का अनुभव कर रही है तथा आने वाले समय में किसी प्रकार का अतिक्रमण पुनः ना हो, क्षेत्रीय पुलिस विभाग को भी सूचित किया जा रहा है।




### कवि नगर में 27000, विजयनगर में 17000 वसूला जुर्माना, गंदगी फैलाने पर वसुंधरा में जब्त हुए 12 ट्रक



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर हित में निरंतर कार्य चल रहा है जिसमें मार्गों को अवमुक्त करने की कार्रवाई भी तेजी से चल रही है। विजयनगर जॉन अंतर्गत जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता द्वारा सम्राट चौक से सेन चौक तक मार्गों को खाली करते हुए अतिक्रमण अभियान चलाया गया। 17000 की वसूली हुई कई स्थानों पर बुलडोजर के माध्यम से भी कार्रवाई कराई गई। कवि नगर जोन के अंतर्गत जोनल प्रभारी राजेश गुप्ता द्वारा डायमंड फ्लाईओवर से कार्ट चौक तक स्थायी तथा अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया जिसमें 27000 की वसूली भी की गई, वसुंधरा जोन के अंतर्गत जोनल प्रभारी एसके राय द्वारा साहिबाबाद सब्जी मंडी के बाहर गंदगी फैलाने पर 12 ट्रक को जप्त किया गया तथा मार्ग पर अवैध खोके को हटाने का अभियान चलाया गया।

## न्यूज डायरी

### एसआरएम कौशल विकास पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अंग्रेजी व विदेशी भाषा विभाग द्वारा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए पेशेवर स्थिरता के लिए बहुविषयक कौशल संवर्धन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के संचार कौशल, विश्लेषणात्मक क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व कौशल व आलोचनात्मक सोच को विकसित करना है। यह कार्यशाला पेशेवर विकास, नौकरी में संतुष्टि और समग्र कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला के माध्यम से संस्थान बहुविषयक कौशल के महत्व को उजागर करने और तेजी से बदलते कार्य वातावरण में प्रतिस्पर्धात्मक बने रहने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का प्रयास कर रहा है। संरक्षकों निदेशक डॉ0 एस विश्वनाथन, डॉ0 आरपी महापात्र, डॉ0 नवीन अहलावत, ;डॉ0 एनएम मिश्रा, डॉ0 धौम्या भट्ट आदि के मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञ हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक प्रो0 डॉ0 नवीन अहलावत व डॉ0 मधुरीमा श्रीवास्त, समन्वयक डॉ0 निर्मल शर्मा, डॉ0 शालिनी शर्मा, डॉ0 सविता यादव, वरुण मिश्रा व आयोजन समिति के अन्य सदस्यों डॉ0 संदीप कुमार, डॉ0 यामीन खान, डॉ0 भारती चंद्रायन, डॉ0 नण तारनी, एन कुलश्रेष्ठ, डॉ0 चंदर शेखर, डॉ0 जीएस शर्मा, सुश्री प्रीति शर्मा, राकेश कुमार, सुश्री शिखा चैहान, ऋषभ आर्यन, अविनाश कुमार व सुश्री प्रेरणा शर्मा के योगदान की भी सराहना करते हैं। इन सभी के समर्थन और सहयोग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अनियंत्रित कार ने दो स्कूटी सवार को कुचला, एक की मौत

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** देर रात्री अनियंत्रित गति से आ रही एक कार ने स्कूटी पर सवार दो लोगों को बुरी तरह कुचल दिया। इस घटना में एक की मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल है उसे नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मुरादनगर की रेलवे रोड कॉलोनी निवासी (65) वर्षीय नूतन प्रकाश शर्मा अपने दोस्त (60) वर्षीय अमरजीत सिंह के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जिला हापुड़ के पिलखुवा से वापस स्कूटी से देर रात्री लौट रहे थे कि वह जब मोदीनगर हापुड मार्ग स्थित गांव किल्हौड़ा के समीप पहुंचे तो सामने से अनियंत्रित गति से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मोदीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर नूतन प्रकाश शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि अमरजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### विवाहिता व उसके बच्चों को दूसरे संप्रदाय का युवक ले गया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक विवाहिता व उसके तीन बच्चों को बहला फुसलाकर ले जाने का दूसरे सम्प्रदाय के व्यक्ति पर आरोप लगा हैं। हिंदू युवा वाहिनी ने इस प्रकरण को लेकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने व विवाहिता को बरामद करने की मांग की है। तरंग रोड निवासी नवल जो कि मजदूरी करता हैं। उसकी पत्नि व तीन बच्चे एक माह से गायब हैं। आरोप है कि एक दूसरें सम्प्रदाय का व्यक्ति उन्हे बहला फुसलाकर ले गया हैं। एक माह से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये चैकी से लेकर थाने के चक्कर काट रहे, पीडित पक्ष को लेकर हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ता थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी से मिले और उन्होनें महिला को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही का आश्वसन दिया हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने किया 'ब्लड डोनेशन कैम्प' का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा मंगलवार को 'ब्लड डोनेशन कैम्प' एबीईएसआईटी कॉलेज, एन०एच०-09, विजय नगर, गाजियबाद में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रो० प्रशान्त राज शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2024-25 रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012, एवं विशिष्ट अतिथि डी.डी.जेड रो० अतुल अग्रवाल एवं असिस्टेन्ट गवर्नर रो० जय कुमार अग्रवाल ने क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंद लोगों के लिए किया जाता है। रक्तदान द्वारा किसी को नवजीवन देकर जो आत्मिक सन्तोष मिलता है उसको शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। रोटरी नोएडा ब्लड सेन्टर के सहयोग से इस 'ब्लड डोनेशन कैम्प' का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 यूनिट ब्लड कलेक्शन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्यों, एबीईएसआईटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने ब्लड डोनशन में हिस्सा लेकर इस कैम्प को सफल बनाया। क्लब सदस्यों शालिनी गोयल, रीनम अग्रवाल, योगश कुमार गोयल, डा० राकेश छारिया, राकेश गुप्ता, ब्रिजेश माथुर, डा० अरूणा सिंघल, सारंग अग्रवाल, रीना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अनीश गुप्ता, वैभव गुप्ता, प्रवीन गोयल, पूनम गर्ग, सीमा गोयल, मीनू गुप्ता, अल्का गोयल इत्यादि सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साहपूर्वक पूरा-पूरा योगदान दिया। क्लब के अध्यक्ष रो० दीपक कुमार अग्रवाल एवं सचिव रो० भारती गर्ग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोजेक्ट चेयर रो० आशीष गर्ग, कैम्प के व्यवस्थापक एवं होस्ट रो० आशु गोयल, क्लब के सभी सदस्यों एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# भाई से बदला लेने के लिए लगाया रेप का आरोप

## यूट्यूबर से मदद ली, मामला फर्जी निकाला, पुलिस ने 2 किया को अरेस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यह घटना एक गंभीर समस्या की ओर इशारा करती है, जहां व्यक्तिगत विवादों को गलत तरीके से बढ़ाने के लिए झूठे आरोपों का सहारा लिया गया। युवती मुस्कान और उसके सहयोगी यूट्यूबर सरताज ने अपने निजी स्वार्थ और दुश्मनी के चलते झूठी साजिश रचकर एक निर्दोष व्यक्ति को दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने का प्रयास किया। मुस्कान का अपने चाचा शकील और उनके बेटे शोएब के साथ विवाद चल रहा था। यह विवाद कहासुनी और मारपीट की शिकायत तक सीमित था। मुस्कान ने सरताज के साथ मिलकर यह योजना बनाई कि शोएब को दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसाया जाए। इसका उद्देश्य उसे बदनाम करना और धन की वसूली करना था। सरताज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे ट्विटर और वॉट्सऐप पर इस झूठे आरोप को बार-बार वायरल किया।

पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद इसे झूठा पाया और मुस्कान व सरताज को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी ने स्पष्ट किया कि यह मामला पूरी तरह से झूठा और साजिशपूर्ण था। पुलिस ने अपनी सतर्कता और गहन जांच के माध्यम से सच्चाई को उजागर किया और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# घर में घुसकर मोबाइल चुराने वाले दो गिरफ्तार

## राह चलते लोगों को बेच दिया करते थे चोरी का माल, 24 से ज्यादा मोबाइल बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना क्रॉसिंग पुलिस ने दो ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो घर में घुसकर मोबाइल चुरा लिया करते थे। यह इतने शातिर थे कि राह चलते लोगों को अपनी मजबूरी बताकर हाथ-पैर जोड़कर चोरी किए फोन उन्हें बेच दिया करते थे। गाजियाबाद पुलिस ने इनके कब्जे से 12 मोबाइल बरामद किए हैं।

गाजियाबाद पुलिस ने बताया कि बिहार के आरा निवासी पिंटू और बलिया उत्तर प्रदेश के निवासी सौरभ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 12 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में इन्होंने बताया है कि यह लोग नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्र में मोबाइल चोरी की फिराक में घूमते थे। मौका पाते ही किसी के घर में घुस जाते थे और मोबाइल चोरी कर लेते थे। यह उनके लिए उपयुक्त समय है क्योंकि सर्दी के चलते लोग धूप में बैठे रहते थे। उनसे आंख बचाकर यह लोग घर में घुसकर मोबाइल चोरी करके बड़े आराम से फरार हो जाते थे। पुलिस के मुताबिक, राह चलते किसी आदमी को रोक कर अपनी मजबूरी बात कर यह फोन उस को बेच दिया करते थे। इनके कब्जे से पुलिस ने 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# कार लूट मामले में दो बदमाश व एक युवती गिरफ्तार, एक फरार

## कब्जे से कार, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल व अवैध चाकू बरामद



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस ने दो दिन पहले कार लूट मामले को खुलासा करते हुये दो बदमाशों व उनकी एक सहयोगी युवती को गिरफ्तार कर कब्जे से लूटी गयी कार, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल व अवैध चाकू बरामद किये है।

दो दिन पूर्व अर्जुन पुत्र कंचन सिंह निवासी कनावली थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद द्वारा भोजपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई थी, कि 01 लडकी व 02 लडके नाम पता अज्ञात द्वारा उसकी कार को बरेली ले जाने के नाम पर बुलाकर गर्दन पर चाकू लगाकर गाडी लूट ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। भोजपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की ससूचना पर बुद्ववार का गांव भटजन की तरफ जाने वाले रास्ते चन्देला फार्म हाउस के पास से अभियुक्त मुस्कान भाटी पुत्री शिव कुमार निवासी गली नं0 03 लालू डेरी व लगडे बाबा के मंदिर के पास संतपुरा गोविन्दपुरी थाना मोदीनगर व अभिमन्यु पुत्र रामभजन शर्मा व करन रवि पुत्र राजू चैधरी निवासीगण इन्द्रापुरम गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने लूटी गयी कार, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल व अवैध चाकू बरामद किये है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि अभिमन्यु, रवि उर्फ करन, रितिक व मुस्कान एक दूसरे को पहले से ही जानते थे, हम चारों लोगो ने एक योजना बनाई कि हम लोग किसी व्यक्ति या उसके माल को लूट कर व उसे बेच कर मौजमस्ती करने कहीं चलेंगे, 9 दिसंबर को योजना के तहत अभिमन्यु ने मुस्कान को एक ओला कैब वाले ड्राईवर का मोबाइल नम्बर दिया और कहा कि इसको फोन करके कहो कि मुझे बरेली जाना है और इसे बुलाओ, फिर हम लोग योजना के तहत इसकी कार को लूट कर उसे बेचकर हम चारों लोग मौज मस्ती करेंगे। कैव का ड्राईवर शाम के समय लगभग 7 बजे मोदीनगर आ गया। और योजना के तहत मुस्कान, रवि उर्फ करन व रितिक तीनों लोग उसकी कार में बैठ गये तथा हम लोगों में से चौथा व्यक्ति अभिमन्यु अपनी कार से हम लोगो के पीछे पीछे चलने लगा तथा जब हम लोग ग्राम मछरी के रास्ते पर पहुंचे तो हम लोगो ने कहा कि हम तीनों में से हमारा एक साथी किसी गांव में जायेगा और उसको उसके गांव में छोडकर बरेली चल देंगे। हमने कार को मोदीनगर से ग्राम मछरी की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ मुड़वा दिया और सुनसान रास्ता देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर ओला ड्राइवर के ऊपर रवि उर्फ करन व रितिक ने उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया और उसको कार से नीचे उतार लिया तभी पीछे से अपनी कार से अभिमन्यु भी हमारे पास आ गया फिर हम चारों लोग ओला ड्राइवर की स्विफ्ट कार व मोबाईल को लूट कर हम तीनों उसी कार में बैठकर व अभिमन्यु अपनी कार में बैठकर ग्राम मछरी की तरफ भाग गये। आज हम चारों लोग लूटी गई कार व मोबाइल को बेचने की फिराक में खड़े थे, इसी दौरान पुलिस ने तीनों को दबोच लिया, लेकिन रितिक पुलिस को चकता देकर भाग गया। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है जबकि पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 12 दिसंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई पर पार्षदों की दिखी सहमति

## एक सुर में बोले पार्षद हटना चाहिए अतिक्रमण, बिगड़ रही है शहर की सुंदरता और स्वरूप

## अतिक्रमण हटाओ अभिशन को मिला पार्षदों का समर्थन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम गाजियाबाद इन दिनों अलग-अलग जोन के अंतर्गत अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले इलाकों पर बुलडोजर से कार्रवाई कर रहा है। इसके साथ ही जुमार्ना वसूला जा रहा है। साथ ही व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से अपील की जा रही है कि वह व्यापारियों को जागरूक करें कि वह अवैध निर्माण न करें। अतिक्रमण पहले से चल रहा है तो उसका स्वरूप बदलें। बता दें कि बीते दिनों कवि नगर जोन में शास्त्री नगर से लेकर चिरंजीव विहार और महेंद्रा एंक्लेव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी। तो वहीं विजयनगर और मोहन नगर जोन में भी नगर निगम अतिक्रमण हटा रहा है ।अवैध अतिक्रमण की कार्रवाई धीरे-धीरे अलग-अलग जोन और इलाकों तक पहुंच रही है। बुधवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम के पार्षदों से बातचीत की। पार्षदों ने एक सुर में कहना है कि नगर निगम शहर की सुंदरता और स्वरूप बेहतर दिखे, इसके लिए अवैध अतिक्रमण की कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का भी कहना है कि अतिक्रमण की वजह से बाजार छोटे नजर आने लगे हैं और सड़क दिखती नहीं हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई अन्य माध्यमों से भी शिकायतें आई हैं, जिसके बाद यह कार्रवाई की जा रही है। कुल मिलाकर नगर निगम के पार्षद नगर निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई को सही ठहरा रहे हैं।

उनका पूरा समर्थन दिख रहा है। वहीं भाजपा से लेकर निगम के वरिष्ठ पार्षदों का कहना है कि नगर निगम के अतिक्रमा हटाओ अभियान की वजह से शहर साफ, सुंदर और व्यवस्थित नजर आएगा। तो वहीं आमजन को आसानी होगी। लोगों को जाम और परेशानी में जो समय बीतता है वह भी इससे नहीं बीतेगा। कुल मिलाकर नगर निगम के पार्षद अवैध अतिक्रमण को हटाने के पक्ष में दिख रहे हैं। फिलहाल अभी व्यापारियों का जो विरोध-प्रदर्शन और आक्रोश वाला रूख है वह उग्र नहीं है। देखना होगा आने वाले दिनों में नगर निगम के अतिक्रमण अभियान को लेकर क्या हाल और हालात रहते हैं।



### नगर निगम सहमति से और समय देकर हटा रहा है अतिक्रमण : मनोज त्यागी

**करंट क्राइम।** चिरंजीव विहार-अवंतिका से नगर निगम के पार्षद मनोज त्यागी का कहना है कि बीते दिनों चिरंजीव विहार मुख्य मार्ग और बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान जिन दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे 15 फुट से अधिक्रमण किया हुआ था, वहां बुलडोजर की कार्रवाई की गई। साथ ही कई दुकानोंदारों ने अपनी दुकान में बल्ली और टेंट लगाकर अतिक्रमण कर रखा था, उनको भी हटाने का काम किया गया है। इसके साथ ही कई दुकानदारों को चेतावनी देकर उनकी दुकान व काउंटर के आगे जो सामान रखा हुआ था, उसे दुकान के भीतर या बराबर में रखने का निर्देश दिया गया था। नगर निगम पार्षद मनोज त्यागी कहना है कि चिरंजीव विहार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और व्यापार मंडल से सहमति बनाकर ही नगर निगम की ओर से अतिक्रमण की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा अतिक्रमण नहीं होना चाहिए और जो लोग अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद भी अपना अवैध अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं, उनकी शिकायतें होनी शुरू हो गई हैं।

### बिना किसी भेदभाव के हटवाया गया है अवैध अतिक्रमण : अमित त्यागी



**करंट क्राइम ।** शास्त्री नगर एवं महेंद्रा एंक्लेव क्षेत्र से स्थानीय पार्षद अमित त्यागी का कहना है कि उनके इलाके के मुख्य मार्गों और कई दुकानों के आगे अतिक्रमण बेहद अधिक था। इसकी शिकायतें स्थानीय लोगों और व्यापार मंडल को बहुत लंबे समय से की जा रही थीं, जब दुकानदारों ने सुनवाई नहीं की तो नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में जहां पर भी अवैध रूप से अतिक्रमण था, उसे नगर निगम ने हटाने का काम किया है। वह नगर निगम की कार्रवाई से संतुष्ट हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि वह व्यापारियों के भी साथ हैं। जिन व्यापारियों ने अतिक्रमण किया हुआ था उनको पहले बताया गया, तो उन्होंने हटा लिया था। साथ ही दोबारा अतिक्रमण न करने की बात भी की है। जब नगर निगम की टीम आई थी, जो लोग नियम के विरुद्ध अतिक्रमण किए हुए थे, उनपर ही कार्रवाई की गई है।

### अतिक्रमण से व्यापारियों का ही हो रहा है नुकसान : राजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** नगर निगम के सीनियर पार्षद राजीव शर्मा का कहना है कि वह दैनिक करंट क्राइम के माध्यम से व्यापारियों से अपील करते हैं कि अभी तो नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान सिटी और विजयनगर जोन में चल रहा है, यह है सिटी जोन में भी जल्द चालू होगा। उससे पहले जिन व्यापारियों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है, वह हटा ले, अपनी स्थिति को सुधारें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन व्यापारियों ने अतिक्रमण कर रखा है, वह अपना ही नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने कहा गाजियाबाद के लोग चाहते हैं कि बाजार तक अपनी गाड़ी, कार व वाहन लेकर पहुंचे लेकिन अवैध अतिक्रमण की वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे दुकानदारों को ही नुकसान होता है। उनकी व्यापारियों से अपील है कि शहर को सुंदर, स्वच्छ और स्वरूप में बनाने के लिए व्यापारी खुद आगे आएं और अपना अतिक्रमण हटवाए ताकि नगर निगम को किसी प्रकार की कार्रवाई और बल का प्रयोग नहीं करना पड़े।



# ठीक ही कहे कुणाल त्यागी के लिये पार्षद अजय शर्मा ने ये शब्द...

## स्व. पिता को श्रद्धांजलि देने के लिये एक बेटे ने चुना है रक्तदान का सबसे अच्छा विकल्प







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समय के साथ-साथ स्मृतियां रहती हैं और वो लोग कुछ अलग होते हैं जो अपनी पीढ़ियों को विरासत को सहेजकर रखते हैं। वो पुत्र हमेशा सम्मान के योग्य होते हैं जो पिता को अपने विचारों में जिंदा रखते हैं, जो अपने व्यवहार से अपने पिता के संस्कारों को जिंदा रखते हैं। कुणाल त्यागी एक ऐसे ही पुत्र हैं जिन्होंने 16 वर्ष से अपने दिवंगत पिता की स्मृति को अपने आचार-विचार और व्यवहार में संजोकर रखा है। वो अपने पिता को उनकी पुण्यतिथि पर याद करना नहीं भूलते और सबसे बड़ी बात ये है कि कुणाल त्यागी हर वर्ष अपने पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान के माध्यम से एक बड़ा संदेश देते हैं।

कुणाल त्यागी युवा व्यवसायी हैं और सियासी चेहरा भी हैं। कुणाल त्यागी हर वर्ष अपने पिता स्व. प्रदीप त्यागी पिंटू की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं। अपने पिता की यादों के साथ वो अपने समर्पण भाव से अपने जज्बातों को समेटते हैं और अपने पिता को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। कुणाल त्यागी एक मिसाल उस युवा वर्ग के लिये हैं जो अपने दिवंगतों को भूल जाते हैं, अपनी विरासत को भूल जाते हैं और अपनी परंपरा को भूल जाते हैं। कुणाल त्यागी युवा हैं, सफल व्यावसयी हैं, लेकिन अपने पिता के संस्कारों की दौलत मानों



उनकी नस-नस में समाई है। वो हर साल अपने दिवंगत पिता को याद करते हैं और रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। बुधवार को भी उन्होंने अपने पिता स्व. प्रदीप त्यागी पिंटू की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

ये एक संबंधों की भी डोर है कि जब श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिये पूर्व सांसद केसी त्यागी, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष तथा केसरगंज के सांसद कर्ण भूषण, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी पहुंचे। यहां वीवीआईपी ग्रुप के सीएमडी प्रवीण त्यागी, प्रदेश महामंत्री भाजपा बसंत त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, वुडहिल के डायरेक्टर विवेक भाटी, उत्तराखण्ड कुश्ती संघ के अध्यक्ष शिववर्धन सिंह सहित कई गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और यहां सबसे बड़ी बात पार्षद अजय शर्मा ने कही। अजय शर्मा लगातार तीसरी बार के पार्षद हैं और वो स्पष्ट वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। खास बात ये थी कि ये बात उन्होंने कुणाल त्यागी के सामने नहीं कही बल्कि इस तारीफ को उन्होंने उनके पीठे पीछे किया।

कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा ने कहा कि अपने स्व. पिता के लिये एक बेटे द्वारा इससे बड़ी श्रद्धांजलि नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि रक्तदान सही मायनों में मानव सेवा है और कुणाल त्यागी अपने पिता की स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए इतने वर्षों से सेवा कर रहे हैं। हम सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे बड़ी श्रद्धांजलि हो ही नहीं सकती और इस एक बात में पूरा सार सामने आ गया। कुणाल त्यागी उस युवा वर्ग के लिये एक मिसाल बने हैं जो अपने पूर्वजों की धरोहर को सहेजकर रखते हैं। अपने दिवंगत पिता के नाम को समाज के अंदर सम्मान के साथ जिंदा रखते हैं।

## 'कौन बनेगा भाजपा संगठन का सरताज'

# 34 साल पुराने कार्यकर्ता की बनती है महानगर अध्यक्ष पद पर दावेदारी

### मंडल अध्यक्ष पद पर वर्तमान में सुधीर कुमार त्यागी खेल रहे हैं सक्रिय पारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी का दौर चल रहा है। अलग-अलग नाम चर्चा में चल रहे हैं। कार्यकर्ता अध्यक्ष पद की दावेदारी में हैं और दैनिक करंट क्राइम अध्यक्ष पद के दावेदारों को लेकर लगातार उनके विचार, उनका जीवन परिचय, उनका राजनीतिक सफरनामा प्रकाशित कर रहा है। अध्यक्ष पद को लेकर कौन बनेगा भाजपा महानगर सरताज कॉलम में आज भाजपा के बृजविहार मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार त्यागी की दावेदारी को लेकर बात करेंगे। बृजविहार के रहने वाले सुधीर कुमार त्यागी पेशे से व्यापारी हैं और वो बृजविहार में ही रहते हैं। 57 वर्षीय सुधीर कुमार त्यागी ने 34 वर्ष पहले भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की। 1993 में उन्होंने भाजपा में प्राथमिक सदस्यता के रूप में सदस्यता ग्रहण की और फिर दो साल बाद सुधीर कुमार त्यागी वर्ष 1995 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में आए और यहां वो राष्ट्र निर्माण की विचारधारा के साथ सामाजिक गतिविधियों से जुड़े और आज भी वो इससे जुड़े हुए हैं। सबसे पहला मौका उन्हें वर्ष 1998 में मिला जब उन्हें भाजपा युवा मोर्चा में बृजविहार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2000 में वो बृजविहार मंडल अध्यक्ष बनें। इसके बाद वर्ष 2007 में भाजपा में महानगर कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए। वर्ष 2013 में सुधीर कुमार त्यागी भाजपा गाजियाबाद महानगर कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। वर्ष 2017 में वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बृजविहार मंडल संयोजक रहे। वर्ष 2018 में उन्हें भाजपा किसान मोर्चा का महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2020 में सुधीर कुमार त्यागी दूसरी बार बृजविहार मंडल के अध्यक्ष बनाए गए और वर्ष 2024 में वो तीसरी बार बृजविहार मंडल अध्यक्ष की पारी खेल रहे हैं।

### हर चुनाव में सुधीर कुमार त्यागी ने किया है प्रचार और संभाला है दायित्व

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे सुधीर कुमार त्यागी ने हर चुनाव में मेहनत की है। पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी रही है। वर्ष 1998 में नवंबर महीने में उन्होंने मेरठ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यक्रम समरसता महाशिविर कार्यक्रम में सफलतापूर्वक जिम्मेदारी का निर्वहन किया था। वर्ष 1999 में उन्होंने अटल संदेश यात्रा का बृजविहार मंडल में सफल नेतृत्व किया था। इसी वर्ष उन्होंने रूप चौधरी के खेकड़ा विधानसभा चुनाव में बृजविहार मंडल प्रभारी के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया था और सांसद सोमपाल शास्त्री के बागपत लोकसभा चुनाव में बृजविहार मंडल प्रभारी के रूप में काम किया था। वर्ष 2009 में उन्होंने गाजियाबाद में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक काम किया। इसके बाद वर्ष 2014 में उन्होंने जनरल वीके सिंह के चुनाव में काम किया। वष 2017 में साहिबाबाद विधानसभा चुनाव में यूपी के मन की बात कार्यक्रम का साहिबाबाद विधानसभा से संयोजक के रूप में कार्य किया। वर्ष 2019 में गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में जनरल वीके सिंह के चुनाव में कार्य किया और फिर वर्ष 2022 में उन्होंने साहिबाबाद विधानसभा में विधायक सुनील शर्मा के चुनाव में कार्य किया। वर्ष 2024 में गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में अतुल गर्ग के चुनाव में कार्य किया। बृजविहार मंडल में विधानसभा, लोकसभा तथा नगर निकाय चुनावों में बूथ प्रमुख, सेक्टर प्रमुख, सेंटर प्रभारी आदि जिम्मेदारियों को संभाला है। सुधीर कुमार त्यागी का कहना है कि भाजपा संगठन द्वारा उन्हें जिस भी दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी उसे वह पूरी लगन, निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से पूरा करेंगे।

# बढ़ती ठंड को देखते हुए अप टू डेट, किए निगम ने रैन बसेरा

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दिए सर्दी से बचाव के निर्देश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ठंड बढ़नी शुरू हो गई है और तापमान 4 डिग्री तक पहुंच रहा है। ठंड में निराश्रित परेशान ना हो, उनके लिए रैन बसेरा शुरू कर दिया गया है रिन बसेरा में किसी प्रकार की अव्यवस्था एवं असुविधा न हो, इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निराश्रितों के लिए बनाए गए आश्रम स्थल की जिम्मेदारी जोनल प्रभारी को गंभीरता से निभाने का निर्देश दिया है। साथ ही नगर निगम द्वारा 15 स्थाई और 07 अस्थाई रैन बसेरा शुरू कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। यहां अलाव की व्यवस्था से लेकर उनके लिए गर्म कपड़े, बिस्तर और रूम हीटर की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही नगर निगम ने ठंड को देखते हुए कई स्थानों पर अलाव जलवाना भी शुरू कर दिया है।

### इन स्थानों पर शुरू किए गए हैं रैन बसेरा



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत नसीरपुर फाटक के निकट रेलवे क्रॉसिंग, कवि नगर ग्रीन हाउस नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के समीप, कम्युनिटी सेंटर कौशांबी, डीएलएफ कॉलोनी के पीछे मोहन नगर, कम्युनिटी सेंटर लाजपत नगर, मधुबन कूलर फैक्ट्री के पीछे मालीवाडा चौक, कम्युनिटी सेंटर लाल क्वार्टर लोहिया नगर, संतोष अस्पताल के सामने पुराना बस स्टैंड, सेक्टर 11 बी ब्लॉक प्रताप विहार विजय नगर, रेड मॉल के पीछे नया बस अड्डा, अर्थला चिकम्बरपुर, घुकना रेत मंडी, मकनपुर इंदिरापुरम, सुदामापुरी में स्थायी शेल्टर होम की व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई है। अस्थायी शेल्टर होम पैसिफिक मॉल के सामने कौशांबी रोडवेज बस अड्डा के सामने, मोहन नगर चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद, डबल टंकी मिर्जापुर विजयनगर, कौशांबी बस अड्डे के अंदर, हापुर रोड कवि नगर फ्लाईओवर के नीचे निराश्रितों हेतु व्यवस्था की गई है।

# चार एसीपी की होने वाली है कमिश्नरेट में एंट्री

## फिर बदलेंगे फेस और प्लेस, तीनों जोन में होने वाला है फेरबदल






**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कुछ दिनों के भीतर ही चार एसीपी स्तर के अधिकारियों की एंट्री होने वाली है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि अधिकारियों ने लखनऊ मुख्यालय को पत्र लिखा था, वहां से चार एसीपी स्तर के अधिकारियों की डिमांड की गई थी और सूत्र बता रहे हैं की डिमांड पूरी करने के पत्र को मंजूरी मिल गई और जल्द ही गाजियाबाद में चार नए एसीपी की एंट्री होने वाली है। बताया जा रहा है कि इसकी वजह से ही गाजियाबाद के नदिया पार से बाहर जाने वाले एक एसीपी को अभी रोका गया है, जब बाहर से नए एसीपी आ जाएंगे, तो उनको रवाना किया जा सकता है।

### क्या फिर बदलेगी एसीपी स्तर के अधिकारियों की टीम

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि जैसे ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चार नए एसीपी आते हैं, तो पुराने फेस बाहर भेजे जाएंगे और नए फेस के साथ ही कुछ लोगों के कार्यक्षेत्र और फेस बदले जाएंगे। सुनने में आ रहा है कि इस लिस्ट में एक बदलाव सिटी और दो बदलाव नदिया पार और देहात में भी बदलाव की प्रबल संभावना है। देखना होगा कि कमिश्नरेट सिस्टम में एसीपी स्तर को लेकर लिस्ट कब आती है और फिर उस लिस्ट में कैसा ट्विस्ट देखने को मिलता है। कुल मिलाकर बता दें कि बीते दिनों गाजियाबाद से दो एसीपी के तबादले हुए, उनकी रवानगी के आदेश तो आए लेकिन कमिश्नरेट में कौन नया फेस आएगा यह है उसमें नहीं दशार्या गया था। तो सूत्रों से जानकारी मिली है कि वर्तमान में गाजियाबाद में दो थ्री स्टार ऐसे थे, जो प्रमोशन के बाद एसीपी बन गए हैं। उनको भी यहां से जल्द रवाना किया जा सकता है।

### क्या साइड लाइन चल रहे फेस आएंगे एसीपी वाला चार्ज

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी स्तर के अधिकारियों के आने के बाद जो बदलाव वाली लिस्ट आएगी, उसमें एक से दो ऐसे फेस भी हो सकते हैं जो वर्तमान में साइड लाइन चल रहे हैं, उनको किसी सर्किल का प्रभार दिया जा सकता है। देखना होगा पुलिस के शीर्ष अधिकारी किस एसीपी पर भरोसा जताते हुए उनको चार्ज दिया जाता है।

## संपादकीय

# वन नेशन, वन इलेक्शन

कहते हैं मौजूदा संसद सत्र में ही केंद्र सरकार वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक पेश कर सकती है। सरकार का कहना है कि वह इस विधेयक पर आम सहमति बनाना चाहती है। हो सकता है यह विधेयक जेपीसी यानी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को भेजा जाए, ताकि इस पर व्यापक विचार-विमर्श हो सके। विचार अच्छा है और किफायती भी। क्योंकि बार- बार के चुनावों से लोग तंग आ चुके हैं और बेपनाह चुनाव खर्च से मुक्ति का जरिया भी यही है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी को यह काम सौंपा गया था। उन्होंने सिफारिश की है कि सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक बढ़ा-घटा दिया जाए और लोकसभा के साथ फिर सभी विधानसभाओं के एक साथ चुनाव करवा लिए जाएँ। इसी तरह बाद में नगरीय निकायों के चुनावों की भी तारीख निश्चित करके वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा को पूरा किया जाए। सीधा सवाल यह है कि जिन दलों को सरकारें गिराने की आदत सी है, उनका क्या होगा? बीच कार्यकाल जो सरकारें गिर जाएंगी, उन राज्यों में मध्यावधि चुनाव होंगे या नहीं? नहीं होंगे तो क्या वहाँ शेष अवधि में राष्ट्रपति शासन कायम रहेगा क्या?

अगर मध्यावधि चुनाव की नौबत आती है तो फिर वन नेशन, वन इलेक्शन की धारणा का क्या होगा? क्या मध्यावधि चुनाव होने की स्थिति में नई सरकार पूरे पाँच साल के लिए चुनी जाएगी या पिछली विधानसभा के शेष कार्यकाल के लिए? वैसे भी अभी लोकसभा और विधानसभा सीटों के परिसीमन का कार्य बाकी है। संसद और विधान मंडलों की सीटें बढ़ने की स्थिति में क्या होगा? कितनी सीटें बढ़ेंगी? दक्षिणी राज्यों में कितनी और शेष भारत में कितनी, यह गिनती लगाना अभी बाकी है। भारत जैसे देश में ये वन नेशन, वन इलेक्शन का नारा कितना कारगर साबित होता है, यह तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन ऐसा होता है तो देश को बेतहाशा चुनाव खर्च से छुटकारा तो मिलेगा ही, रोज- रोज के चुनावी हल्ले से भी निश्चित तौर पर मुक्ति मिल जाएगी।

# एडीबी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.5 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के नवीनतम संस्करण के अनुसार, अमेरिकी व्यापार, राजकोषीय और आव्रजन नीतियों में परिवर्तन से विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र में विकास प्रभावित हो सकता है और महंगाई बढ़ सकती है। आइए जानते हैं जानते हैं एशियाई विकास बैंक ने और क्या अनुमान जताए हैं। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को निजी निवेश और आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया। बहुपक्षीय विकास बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास पूवार्नुमान को भी कम कर दिया है। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के नवीनतम संस्करण के अनुसार, अमेरिकी व्यापार, राजकोषीय और आव्रजन नीतियों में परिवर्तन से विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र में विकास प्रभावित हो सकता है और महंगाई बढ़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है।

एशिया और प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के 2024 में 4.9 प्रतिशत की दर बढ़ने का अनुमान है, यह आंकड़ा एडीबी के सितंबर के 5 प्रतिशत के पूवार्नुमान से थोड़ा कम है। एडीबी ने कहा, ₹निजी निवेश और आवास मांग में अपेक्षा से कम वृद्धि के कारण भारत का विकास परिदृश्य इस वर्ष के लिए 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है। पिछले सप्ताह, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया और आर्थिक गतिविधियों में मंदी व खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी को देखते हुए मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में 7 तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि आरबीआई ने स्वयं 7 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया था। एडीबी के अनुसार अनुमानों में कटौती के बावजूद भारत की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी। ग्रीष्मकालीन (या खरीफ) फसल सीजन (जिससे खाद्य कीमतों पर भी दबाव पड़ेगा) के कारण उच्च कृषि उत्पादन से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलेगा। सेवा क्षेत्र में निरंतर लचीलापन और 2024 और 2025 में ब्रेंट क्रूड की कीमतें अपेक्षा से कम रहेंगी। एडीबी ने कहा है कि उद्योग और सेवाओं के लिए पीएमआई, शहरी श्रम बल भागीदारी और भारतीय रिजर्व बैंक के औद्योगिक दृष्टिकोण जैसे मजबूत दूरदर्शी व श्रम बाजार संकेतक बताते हैं कि आने वाली तिमाहियों में आर्थिक गति बहाल होगी।




## क्यों जुटाया जा रहा है महिला क्राइम का डेटा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते कुछ दिनों से तबादलों की गूंज हो रही है। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि बीते दिनों थाना प्रभारी और पिंक बूथ चौकियों के लिए एक पत्र जारी किया गया था। इस पत्र के जरिए बीते तीन साल के शिकायती पत्रों की संख्या, सुलझाए गए मामलों की जानकारी और वर्तमान में किस पिंक बूथ और थाने पर महिला अपराध का क्या स्टेटस है, यह डाटा जुटाया जा रहा है। वहीं अब इस डाटा जुटाने के पीछे का मकसद क्या है या कोई सरकारी योजना या आदेश का पालन हो रहा है, यह तो साफ नहीं है ,पर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कई थाना प्रभारी और पिंक बूथ की प्रभारी टेंशन वाले मोड में चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि सूचनाओं को डीसीपी स्तर के कार्यालय से मांगी गई थी, जिसको लेकर थाने वाले मुंशी लोगों पर लोड था, वह अपना डाटा जल्दी दें। इसके लिए थाना प्रभारी से गुजारिश भी लगा रहे थे लेकिन कई जगह थाना प्रभारी पिंक बूथ के आगे थोड़े टाइट भी नजर आए हैं। तो कहीं मामला थोड़ा राइट वाला मामला रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के लिए जानकारी आ रही है कि पिंक बूथ के कई और नए रिकॉर्ड बनाने की तैयारी चल रही हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पिंक बूथ का प्लान गाजियाबाद में हिट हुआ है, इसको अन्य जनपदों में भी प्रभावी बनाया जा सकता है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अधिकांश पिंक बूथ पर वह टू-स्टार तैनात हैं, जो अपनी लंबी पारी खेल रही हैं। कई के विकेट गिरे हैं, तो कई हटने का वेट कर रही हैं। कई को पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से बाहर जाने वाले आदेश का इंतजार है। तो कई सीट से साइड भी होना चाह रही हैं। हालांकि वर्तमान में जो पिंक बूथ महिला अपराध नोडल हैं उन्हीं की देखरेख में पिंक बूथ का पूरा प्लान और वर्किंग पर काम किया गया था। सूत्र बता रहे हैं कि जिस महिला एसीपी द्वारा एक-एक पिंक बूथ का पॉइंट और लोकेशन जांची गई थी,वहीं अब इसकी प्रभारी बनकर बैठीं है। वहीं अब देखना होगा कि जब वह इस काम को खुद पूरी देखरेख से कर रही हैं, तो आने वाले दिनों में उनकी वर्किंग का यहां पर कितना असर देखने को मिलता है। तो वहीं सवाल हो रहा है कि महिला क्राइम का डेटा क्यों जुटाया जा रहा है।



# हर 10 में से 9 कंपनियों ने माना क्लाउड आने से बढ़ रहा एआई का चलन : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** हर 10 में से 9 भारतीय कंपनियों का मानना है कि क्लाउड आने के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के चलन में इजाफा हो रहा है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। ईवाई इंडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में 67 प्रतिशत भारतीय कंपनियां अपनी एप्लीकेशन को क्लाउड पर स्थानांतरित कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर भारतीय कंपनियां हाइब्रिड अप्रोच को अपना रही हैं। करीब 80 प्रतिशत कंपनियां अपनी एप्लीकेशन को आंशिक तौर पर क्लाउड और इन-हाउस दोनों प्रकार से मैनेज कर रही हैं। यह अप्रोच लचीलेपन की अनुमति देती है, साथ ही पूर्ण क्लाउड माइग्रेशन की दिशा में प्रगति के लिए कंपनियों को सक्षम बनाती है।



ईवाई इंडिया के टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग पार्टनर, अभिनव जौहरी ने कहा, भारत में क्लाउड टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाना महज तकनीकी अपग्रेड से कहीं अधिक है। यह एक परिवर्तनकारी बदलाव है जो व्यवसायों को अपने ऑपरेटिंग मॉडल, उत्पादों या सेवाओं को फिर से परिभाषित करने का अधिकार देता है। जौहरी ने आगे कहा,₹क्लाउड के जरिए एआई की क्षमताओं का लाभ उठाकर कंपनियां अब ग्राहकों की उभरती जरूरतों और बाजार में बदलावों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सकती हैं और एआई-संचालित समाधानों के माध्यम से बेहतर मूल्य प्रदान कर सकती हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि व्यावसायिक प्रक्रियाओं में एआई और एमएल को शामिल करने काफी कंपनियों को काफी लाभ हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 37 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने क्लाउड माइग्रेशन के बाद उत्पाद और सेवाओं में इनोवेशन को आगे बढ़ाने में इन तकनीकों को महत्वपूर्ण बताया है। वैश्विक स्तर पर 38 प्रतिशत की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत घरेलू कंपनियां, कौशल और क्षमता के अंतर को क्लाउड-नेटिव ऐप्लीकेशन के विकास में एक प्रमुख बाधा मानती हैं।

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन सपाट बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के पीएसयू बैंक, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। वहीं, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियलिटी सेक्टर में खरीदारी रही। निवेशक अभी नवंबर के सीपीआई (कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स) डेटा का इंतजार कर रहे हैं, जो कि भारत सरकार द्वारा गुरुवार को रिलीज किया जाएगा। सेंसेक्स कारोबार के अंत में 16.09 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के बाद 81,526.14 पर सिमट गया। वहीं, निफ्टी 31.75 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के बाद 24,641.80 स्तर पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, भारतीय बाजार में सूक्ष्म उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जो अमेरिकी सीपीआई मुद्रास्फीति डेटा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में मौजूद मिश्रित भावनाओं को दशार्ता है, यह फेड नीति को प्रभावित कर सकता है। जानकारों ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ, जबकि बॉन्ड यील्ड में मामूली वृद्धि देखी गई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- शहद हजारों सालों तक खराब नहीं होता है।
- छीकते वक्त दिल की धड़कन 1 मिली सेकंड के लिए रुक जाती है।
- कंगारू कभी भी उल्टा नहीं चल सकते हैं।
- हमारा बयां पैर हमारे दाएं पैर से बड़ा होता है।
- गिलहरी का एक दांत हमेशा बढ़ता रहता है।
- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।

## राशिफल

**मेष:** जमीन-जायदाद में अतिरिक्त धन का निवेश हो सकता है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अपने भाई की मदद लें।

**वृष:** आज दिन अनुकूल रहेगा। समय से गृहकार्य पूरा कर लेंगे। परिवार के लोगों के साथ समय बिताना फायदेमंद रहेगा। नई चीजों को जानने के लिए उत्सुक रहेंगे।

**मिथुन:** आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापार उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। बोलने का तरीका बदलें और गुस्से पर भी काबू रखें।

**कर्क:** अचानक पैसा आपके पास अएगा, जो आपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। ज़िद्दी व्यवहार न करें- इससे दूसरों को ठेस लग सकती है।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए आपको पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा।

**कन्या:** आज शत्रु पर विजय पाने में सफल रहेंगे। कन्या राशि वाले आज अगर शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो उसमें आपको अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है।

**तुला:** अपनी ऊर्जा व्यक्तित्व-विकास के कार्यों में लगाएं, ताकि आप और भी बेहतर बन सकें। समूहों में शामिल होना दिलचस्प लेकिन महंगा हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज किसी बड़े काम में सफलता मिल सकती है। कॉस्मेटिक का कारोबार करने वाले इस राशि के लोगों को आर्थिक लाभ हो सकता है।

**धनु:** आज व्यापार में धन लाभ होगा। सितारा बुलंदी पर रहेगा। आने वाले अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। आप अपने रिश्तों के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहेंगे।

**मकर:** दिन के दूसरे भाग में आर्थिक लाभ होगा। नया पारिवारिक व्यवसाय शुरू करने के लिए शुभ दिन है। इसे सफल बनाने के लिए अन्य सदस्यों की भी मदद लें।

**कुंभ:** दिन अनुकूल रहेगा। आप खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन:** आज सुबह कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्य क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## चुटकुले

टिंकू- भाई तुझे जीवन में क्या चाहिए?
मंटू- ढेर सारा पैसा।
टिंकू- पैसे को साइड में रख दे, अब बता।
मंटू- साइड में रखा हुआ पैसा।

---

पत्नी ने अपने पति को फोन लगाया पत्नी- कहां हो ? ऑफिस पहुंच गए क्या? पति- अरे मेरा कार से एक्सीडेंट हो गया है
मेरी टांग टूट गई है अस्पताल जा रहा हूं
पत्नी- अच्छा ठीक है, जाओ टिफिन का ध्यान रखना टेड़ा ना हो जाए नहीं तो दाल गिर जाएगी!

---

पुलिस- तुमने एक ही दिन में दो बार चोरी क्यों की?
चोर- चोरी तो एक ही दिन की, दूसरे दिन तो सूट के कपड़े का कलर बदलने गया था।

## करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

12 12 2024 आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# हारिस रऊफ और डैनी व्याट ने जीता नवंबर 2024 के लिए आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ का अवार्ड

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और इंग्लैंड की महिला ओपनर डैनी वायट-हॉज को नवंबर 2024 के लिए आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ अवॉर्ड का विजेता चुना गया है।

हारिस रऊफ ने यह पुरस्कार पाने के लिए जसप्रीत बुमराह और मार्को जानसेन जैसे गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए पाकिस्तान के लिए लगातार दूसरा अवार्ड दिलाया। इससे पहले अक्टूबर में पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली ने यह अवॉर्ड जीता था।

नवंबर में रऊफ ने छह वनडे और तीन टी20 मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत उन्होंने मेलबर्न में तीन विकेट लेकर की और इसके बाद पांच विकेट लेकर सीरीज बराबरी में मदद की। पर्थ में हुए निर्णायक मुकाबले में उन्होंने दो विकेट लिए और सीरीज में 10 विकेट लेकर पाकिस्तान को 2-1 से जीत दिलाई।

टी20 सीरीज में भी उनका शानदार प्रदर्शन जारी रहा। दूसरे मैच में चार विकेट लेकर उन्होंने पांच विकेट चटकाए। जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे में भी उन्होंने तीन विकेट लिए। इस तरह उन्होंने नवंबर में कुल 18 विकेट लिए।

रऊफ ने इस सम्मान पर कहा, आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं बेहद खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह उपलब्धि मेरे साथियों और हमारे समर्थकों की मेहनत का नतीजा है। पाकिस्तान की जर्सी पहनना गर्व की बात है, और ऐसे पल मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं।

दूसरी ओर, इंग्लैंड की डैनी वायट ने महिलाओं की कैटेगरी में शार्मिन अख्तर और नादिन डी क्लार्क को पीछे छोड़कर यह सम्मान हासिल किया। डैनी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने बेनोनी में 45 गेंदों में 78 रन बनाकर इंग्लैंड को 36 रनों से जीत दिलाई। इसके बाद सेंचुरियन में नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को नौ विकेट से जीत और सीरीज स्वीप में मदद की।

डैनी ने कहा कि यह अवॉर्ड जीतकर मैं बहुत खुश हूं। अपनी टीम और कोचिंग स्टाफ का धन्यवाद देना चाहती हूं। हमारी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत रूप से भी इस तरह लगातार अच्छा खेलना संतोषजनक है। आने वाले बड़े साल और एशेज के लिए हमारी तैयारी जारी रहेगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी से हटने पर पाकिस्तान को होगा भारी नुकसान, आईसीसी भी करेगा कार्रवाई

**दुबई ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर चल रहे गतिरोध के कारण अगले साल फरवरी मार्च में होने वाली इस 50 ओवर की प्रतियोगिता से हटने का फैसला करता है तो उसको राजस्व के भारी नुकसान के अलावा मुकदमों का भी सामना कर पड़ सकता है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग-थलग भी पड़ सकता है।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़े एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक ने बुधवार को बताया कि अगर आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हाइब्रिड मॉडल को पूरी तरह से स्वीकार करने से इनकार करते हैं तो पीसीबी के लिए टूनामेंट से हटने का फैसला करना आसान नहीं होगा।

इस अधिकारी ने कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ मेजबानी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह उसने आईसीसी के साथ सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी से संबंधित समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही कोई सदस्य देश आईसीसी प्रतियोगिताओं से होने वाली कमाई का हिस्सा पाने का हकदार होता है।'

अधिकारी में कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात किया है कि आईसीसी ने अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रसारक से समझौता किया है जिसमें उसने गारंटी दी है कि चैंपियंस ट्राफी सहित आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसके सभी सदस्य देश भाग लेंगे।' आईसीसी पिछले सप्ताह चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल से करवाने पर सहमति हासिल करने में सफल रहा था।

# डबल्स कोच टैन किम भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे

**नई दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने मलेशियाई डबल्स विशेषज्ञ टैन किम हर को दूसरी बार राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के लिए नियुक्त किया है।पहली बार भारत में अपने कार्यकाल के दौरान, टैन ने चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार, उनका ध्यान 2026 एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मजबूत डबल्स पार्टनरशिप और बेंच स्ट्रेंथ विकसित करने पर रहेगा।



टैन ने अपनी वापसी पर कहा, मुझे भारत लौटकर सात्विक-चिराग और युवा डबल्स खिलाड़ियों के साथ काम करने का मौका मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। ये खिलाड़ी सात्विक-चिराग की राह पर चलने की क्षमता रखते हैं। मैं एक बड़ी डबल्स टीम बनाने की कोशिश करूंगा, जो विश्व स्तर पर टूनामेंट जीत सके।

2019 से जापान की पुरुष डबल्स जोड़ियों के साथ काम करने के बाद, टैन अब भारत लौट आए हैं। उन्होंने हैदराबाद में टीम के साथ अपना दूसरा कार्यकाल शुरू कर दिया है। इस बारे में बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम ऐसे विदेशी कोच की तलाश में थे, जो हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के साथ काम कर सकें और अगले पीढ़ी के खिलाड़ियों को गाइड करें, खासकर 2028 ओलंपिक की तैयारी के लिए। सही कोच ढूंढने में समय लगा, लेकिन हमारा उद्देश्य था कि ऐसा कोच मिले जो न केवल मौजूदा खिलाड़ियों को बेहतर बनाए बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत टैलेंट पाइपलाइन तैयार करे।

# जो अख्तर-उमर गुल न कर सके, वो शाहीन अफरीदी ने कर दिखाया, ऐसा करने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बने


**डरबन ।** तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दोनों प्रारूपों में 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए हैं। डरबन में मंगलवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली पारी में शाहीन ने यह उपलब्धि हासिल की। शाहीन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे किए और दोनों प्रारूपों में 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 अंतरराष्ट्रीय के अलावा इस 24 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने वनडे में 112 और टेस्ट क्रिकेट में 116 विकेट लिए हैं।

## हारिस-शादाब के क्लब में शामिल हुए

वह हारिस रऊफ और शादाब खान के बाद 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल करने वाले तीसरे पाकिस्तानी गेंदबाज भी बन गए। शाहीन ने पाकिस्तान के लिए अपने 74वें टी20 मैच में 100 विकेट पूरे किए। वह तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के बाद पाकिस्तान के लिए 100 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। हारिस ने 71 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उपलब्धि हासिल की थी। साउदी-शाकिब के खास क्लब में शामिल शाहीन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और न्यूजीलैंड के टिम साउदी, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और श्रीलंका के लसिथ मलिंगा के क्लब में शामिल हो गए। मैच की बात करें तो शाहीन ने रसी वान डर डुसेन, डेविड मिलर और नकाबयोमजी पीटर को अपना शिकार बनाया। शाहीन ने अपने चार ओवर के स्पेल में 22 रन दिए और तीन विकेट झटके।

## पाकिस्तान को 11 रन से मिली हार

शाहीन की घातक गेंदबाजी के बावजूद पाकिस्तान 11 रन से हार गया। दक्षिण अफ्रीका ने मिलर के 40 गेंद में चार चौके और आठ छक्के की मदद से बनाए गए 82 रन और जॉर्ज लिंडे के 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से बनाए गए 48 रन की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन के अलावा अबरार अहमद ने भी तीन विकेट लिए। वहीं, अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। सूफियान मुकीम को एक विकेट मिला। रिजवान की धीमी पारी 184 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। उन्होंने 62 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। बाबर आजम खाता नहीं खोल सके। सैम अयूब ने 15 गेंद में सात चौके की मदद से 31 रन की पारी खेली। वहीं, उस्मान खान नौ रन और तैयब ताहिर ने 18 रन बनाए। इसके बाद पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 172 रन बनाए।



# शमी को लेकर कहानी में नया ट्विस्ट ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं भरेंगे उड़ान

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम की गेंदबाजी ठीक ठाक रही है। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सका है। ऐसे में पूर्व क्रिकेटर्स और फैंस अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के टीम में शामिल करने की मांग कर रहे थे। बीच में ऐसी खबरें भी आईं कि शमी को जल्द ऑस्ट्रेलिया भेजा जा सकता है, लेकिन अब इस कहानी में नया ट्विस्ट आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शमी अब वहां नहीं जाएंगे।

कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि शमी सीरीज के अंतिम दो टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हो सकते हैं, लेकिन अब उनकी फिटनेस चिंताओं की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें ऑस्ट्रेलिया भेजने से रोक सकता है। एडिलेड में गुलाबी गेंद से टेस्ट समाप्त होने के बाद शमी की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि उनके लिए वापसी के दरवाजे खुले हैं, लेकिन कोई जल्दबाजी नहीं है।



भारतीय कप्तान ने यह भी सुझाव दिया था कि शमी घुटने की सूजन से जूझ रहे हैं। साथ ही बंगाल के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मैच फिटनेस हासिल करने की तैयारी कर रहे हैं।

अब इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शमी का नए सिरे से फिटनेस टेस्ट हुआ है। इस टेस्ट में पता चला कि वह अभी तक पांच दिन के क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने से रोका जा सकता है। शमी बंगाल के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में हिस्सा लेंगे जहां उनकी फिटनेस और घुटने की एक और टेस्टिंग हो सकती है।

इस बात पर संदेह है कि शमी लाल गेंद के प्रारूप में लंबे स्पैल फेंकने के लिए तैयार हैं या नहीं, क्योंकि उनके घुटने की सूजन गंभीर है। साथ ही सैयद मुश्ताक अली में वह बंगाल के लिए सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के बाद शमी एक रणजी ट्रॉफी में खेले हैं और एसएमएटी में बंगाल के सात मैचों में से प्रत्येक में गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है।

रोहित ने कहा था कि बंगाल के तेज गेंदबाज के घुटने में फिर से सूजन आ गई है। उन्होंने कहा, 'शमी के लिए टीम के दरवाजे खुले है लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए फिर से उनके घुटने में सूजन आ गयी है। हम उस पर नजर रख रहे हैं और हम उस पर वापसी के लिए कोई दबाव नहीं डालना चाहते हैं।' भारतीय कप्तान पर शमी को टीम में शामिल करने का दबाव है।

# रूट को हटाकर यह बल्लेबाज टेस्ट में बना नंबर-1, गेंदबाजों में बुमराह शीर्ष पर कायम

**दुबई ।** इंग्लैंड के करिश्माई बल्लेबाज जो रूट की आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बादशाहत बुधवार को समाप्त हो गई, जब हमवतन हैरी ब्रूक नंबर एक स्थान पर पहुंच गए, जबकि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों में और रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में शीर्ष पर कायम हैं।




## ब्रूक ने रूट को पीछे छोड़ा

पिछले सप्ताह वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने करियर का आठवां शतक बनाने वाले 25 साल के ब्रूक हालांकि अपने सीनियर साथी से केवल एक अंक आगे हैं। ब्रूक के कुल 898 रेटिंग अंक हैं और वह टेस्ट बल्लेबाजों में सर्वकालिक 34वीं उच्चतम रेटिंग के साथ भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर की बराबरी पर पहुंच गए हैं। रूट ने ब्रूक को सर्वश्रेष्ठ बताया था रूट ने न्यूजीलैंड में ब्रूक के प्रदर्शन के बाद कहा, 'ब्रूक इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। वह दबाव को झेल सकते हैं, वह इस दौरान अच्छा खेल सकते हैं। वह आपके सिर के ऊपर से छक्का मार सकते हैं। वह स्पिन खेल सकते हैं। वह सीम को मार सकते हैं। उन्हें गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल है और पोप जैसे खिलाड़ी के साथ उनकी जोड़ी जमती है। वह मैदान पर कहीं से भी रन बटोर सकते हैं। जब ब्रूक मैदान पर हों तो रन को रोकना बहुत मुश्किल हो जाता है। मुझे लगता है कि ब्रूक और पोप ने एक साथ असाधारण रूप से अच्छा खेला।

# एडिलेड में हेड के खिलाफ सिराज की आक्रामकता देखकर थोड़ा चिंतित हो गया था - पोंटिंग

**दुबई ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि एडिलेड में खेले गए दूसरे बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट में ट्रेविस हेड और मोहम्मद सिराज के बीच हुई घटना सिर्फ गलतफहमी थी और इसे अनजाने में हुई घटना करार दिया।

यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 82वें ओवर में हुई। सिराज ने 140 रन पर खेल रहे हेड को एक शानदार यॉर्कर से बोल्ड कर दिया। इसके बाद सिराज ने आक्रामक तरीके से उन्हें पवेलियन लौटने का इशारा किया। हेड ने भी सिराज को पलटकर जवाब दिया, फिर अपने घरेलू दर्शकों की तालियों के बीच पवेलियन लौट गए।

इसके बाद, सिराज जब भी गेंदबाजी या फील्डिंग के लिए आए, एडिलेड की भीड़ ने जोर-जोर शो बोलकर कर अपना गुस्सा जताया।

पोंटिंग ने कहा, अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो लगता है कि




यह सब अनजाने में हुआ। शुरूआत में किसी का इरादा गलत नहीं था। लेकिन फिर यह सब गलतफहमी में बदल गया, जिससे ऐसा हुआ।

सिराज का रिएक्शन तीखा और गुस्से वाला था, लेकिन पोंटिंग के मुताबिक, यह एक तेज गेंदबाज के लिए स्वाभाविक था, जो दबाव में था और जिसने उस वक्त तक सिर्फ एक विकेट लिया था।

उन्होंने कहा, मुझे याद है, ट्रेविस ने कहा था कि उन्होंने सिराज की गेंदबाजी की तारीफ की थी। लेकिन सिराज शायद पिछली गेंद पर हेड द्वारा लगाए गए छक्के से खुश नहीं थे।

पोंटिंग ने यह भी जोड़ा कि कप्तान रोहित शर्मा को अपने तेज गेंदबाजों से ऐसे आक्रामक रिएक्शन की उम्मीद होगी, खासकर तब जब वे दबाव में होते हैं और सिर्फ एक विकेट लेते हैं।

हालांकि, सिराज और हेड के बीच हुई बातचीत ने पोंटिंग को थोड़ा चिंतित भी कर दिया। उन्होंने कहा, जैसे ही मैंने सिराज का वह रिएक्शन देखा, मैं थोड़ा चिंतित हो गया। अंपायर और रेफरी आमतौर पर पवेलियन की ओर इशारे को पसंद नहीं करते। लेकिन टेस्ट के दूसरे दिन, जब सिराज बल्लेबाजी करने आए और हेड शॉर्ट लेग पर फील्डिंग कर रहे थे।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की उम्मीद बनकर उभरे नीतीश दबाव में भी आक्रामक बैटिंग कर किया प्रभावित

**नई दिल्ली ।** युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को जब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चुना गया था तब किसी को यह आभास भी नहीं था कि वह टीम के लिए इस दौरे पर सबसे उपयोगी ऑलराउंडर बन जाएंगे। आंध्र प्रदेश के नीतीश ने आईपीएल में अपने बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया था और उन पर भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजर थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गंभीर अंतिम एकादश में एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर चाहते थे जो कुछ ओवर के अपने मुख्य तेज गेंदबाजों को आराम दे सके और जरूरत पड़ने पर विकेट भी निकाल दें। इसके अलावा निचले क्रम पर बल्लेबाजी करके उपयोगी रन टीम के लिए बटोरे।

नीतीश ने अभी तक यह काम बखूबी तौर पर किया है। उन्होंने टीम के लिए अभी तक छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेली हैं।




यहां तक कि पर्थ टेस्ट में लाबुशाने का विकेट लेकर टीम को बड़ी सफलता भी दिलाई थी। उन्होंने अपने प्रदर्शन से अभी तक टीम प्रबंधन को प्रभावित किया है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम को काफी परेशान किया है। इस दौरे पर बल्लेबाजी में उनका रवैया चर्चा का विषय है। उन्होंने गुलाबी गेंद के टेस्ट में मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड पर दर्शनीय छक्के लगाए थे।

## 25 फर्स्ट क्लास मैच खेले

ऑस्ट्रेलिया आने से पहले उनका फर्स्ट क्लास क्रिकेट में करियर भी अच्छा रहा है। वह निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में उन्हें बड़ी पारियां खेलने के लिए ज्यादा मौके नहीं मिलते हैं। इसके बावजूद वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अच्छा करने में सफल रहे हैं। वह 25 फर्स्ट क्लास मैचों में 942 रन बना चुके हैं जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159 रन का रहा है। इसके अलावा उन्होंने इतने ही मैचों में 58 विकेट चटकाए हैं। उनका एक पारी में श्रेष्ठ स्कोर 53 रन देकर पांच विकेट है जबकि मैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन 119 रन देकर आठ विकेट है।

## आक्रामक अंदाज में खेली गई पारियों ने खींचा ध्यान

नीतीश की तारीफ टीम के सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा, रेड्डी ने वो सबकुछ किया है जो एक युवा खिलाड़ी इतने कम समय में कर सकता है और हमें लगता है कि उनमें काफी संभवानाएं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गेंदबाजों को खेलना काफी मुश्किल है, लेकिन वह किसी गेंदबाज के समाने संघर्ष करते नहीं दिखे। उन्होंने टीम के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन को भी निशाने पर लिया था ।

# युवाओं में है राष्ट्र को विकास की ओर ले जाने की क्षमता : सांसद अतुल गर्ग

## काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (हार्डवेयर संस्करण) का भव्य उद्घाटन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 (हार्डवेयर संस्करण) के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी हेतु आधिकारिक नोडल केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद व अध्यक्ष गवर्निंग काउंसिल-काईट अतुल गर्ग इस भव्य हैकथॉन के 7वें संस्करण का उद्घाटन करने हेतु संस्थान पहुंचे। इस हैकाथॉन के दौरान, 11 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से प्रतिभाशाली प्रतिभागी 6 तकनीकी समस्याओं को हल करने के लिए अपने नवीन विचारों के साथ जुटे थे।

इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा, 'मुझे सभी प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को देखकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है। उद्योगों में क्रांति लाने और हमारे राष्ट्र को विकास की ओर ले जाने की क्षमता केवल आप लोगों में है, अर्थात हमारे देश के युवाओं में। आप एक आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से उन्नत भारत की प्रेरक शक्ति हैं। यह हैकथॉन जीतने या हारने के बारे में नहीं है। यह सीखने, प्रयोग करने और ऐसे समाधान बनाने के बारे में है जो हमें आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में मदद करेगा।' आइए, हम सब अपने स्तर पर हमारे युवा इनोवेटर्स का उत्साहवर्धन करें। यह आयोजन हमारे देश की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वन नेशन वन स्टूडेंट की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आई तेजी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वन नेशन वन स्टूडेंट की परिकल्पना को साकार करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रत्येक छात्र की अपार आईडी बनने की गति को तेज कर दिया गया है। उक्त के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव की उपस्थिति में 20 सर्वाधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दिशानिर्देश प्रदान करने के लिए बैठक बुलाई गई तथा उनकी स्थिति से उनको अवगत कराते हुए उन्हें इस कार्य को तेजी से करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए। डीआईओएस ने शैक्षणिक मानकों को ऊंचा उठाने और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों को प्रेरित किया। प्रतिभागी विद्यालयों में नामांकित 75000 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए इससे होने वाले लाभ बताते हुए जागरूक किया गया एवं 30 दिसंबर तक अपार आईडी बनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बैठक में विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य ने प्रतिभाग किया। बैठक में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र शर्मा, सर्वेश कुमार, जमुना प्रसाद, इश्क लाल, विश्वजीत सिंह राठी और कविता चौहान उपस्थित रहे। तकनीकी समस्याओं का निस्तारण और प्रस्तुतीकरण जिला समन्वयक रुचि त्यागी द्वारा किया गया।




### उम्मीदवार दूसरे मौहल्ले से और चुनाव लड़ाने वाले दूसरे मौहल्ले से

वैसे तो भगवा गढ़ में ही सीन लोकसभा से लेकर विधानसभा तक यही चल रहा है और अब ये बहार गली मौहल्लों तक भी आ पहुंची हैं। लोकसभा में कभी माननीय जी आ गये तो कभी सेना वाले आ गये। विधानसभा का हाल ये कि जिन्हे दो बार जनता ने जिताया वो उस विधानसभा के वोटर ही नही थे। अब जो उनके रिक्त स्थान पर लड़े वोटर तो वो भी नही थे और वो तो चुनाव लड़ने भी नदियापार से आये। मगर भगवा लहर ऐसी कि उनकी चुनावी नैया बिना चप्पू चलाये ही पार हो गई। सीन अब मौहल्लों में ही ऐसा ही आ गया हैं। इस मौहल्ले में चुनाव है और उस मौहल्ले वाले आकर चुनाव लड़ा रहे हैं और वैसे जो चुनाव लड़ रही हैं वो भी दूसरे मौहल्ले से हैं। दूसरे मौहल्ले की पार्षद इस मौहल्ले में आकर वोट मांग रही हैं और दूसरे मौहल्ले के पार्षद साथ में प्रचार कर रहे हैं। पूर्व पार्षद जरूर पूरे मनोयोग से चुनाव लड़वा रही हैं। मौहल्ले वाले ही पूछ रहे हैं कि जब गांधीनगर वाले आ गये, जब 19 वाले आ गये तो इसी मौहल्ले में रहने वाले मडंल प्रधान क्यों नही आये। जब वो रात में ही जाकर बधाई दे सकते हैं तो चुनाव प्रचार भी कर ही सकते हैं। जो भी कमाल का कमल इसी मौहल्लें में हैं। उम्मीदवार दूसरे मौहल्ले से, प्रचार करने वाली मैडम पार्षद तीसरे मौहल्ले से, पार्षद भाईसाहब चौथे मौहल्ले से और जिनका मौहल्ला हैं वो तटस्थ भाव से पूरे हो हल्लें को देख रहे हैं, कह रहे हैं कि अजी हमें क्या लेना देना।

### मेरठ के बाद क्या गाजियाबाद में होगी प्रदेश अध्यक्ष वाली जिंदाबाद

लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद और उपचुनावों की जीत के बाद फ्लावर हाईकमान को लग रहा है कि बेकार में ही प्रेशर में आ गये। प्रदेश वाली कमान चौधरी को दे दी। मठ वालो के राज में जिनके पिछवाड़े पर लठ बजा उनसे ही हाथ मिला कर उन्हे मिनिस्ट्री भी दे दी और सीट भी दे दी। अब जब सगंठन में फेरबदल हो रहा है तो पता चला है कि फोकस बैकवर्ड पर रखा जायेगा। फूल वालों को ये ज्ञान हो गया है कि तिलक तराजू कहीं न जा रहें और हल वालों के, नल वालों के बहुत उठा लिये और अब वो पिछड़ी कास्ट में सेंध लगाने की तैयारी में हैं। इस सेंध के इफेक्ट गाजियाबाद में दिख सकते हैं। मेरठ में लक्ष्मीकांत बाजपेयी को प्रदेश की कमान मिली थी और अब ये कमान गाजियाबाद में मिल सकती हैं। मेरठ के बाद गाजियाबाद में प्रदेश अध्यक्ष वाली जिंदाबाद हो सकती हैं और नई हवा की नई भाजपा में कुछ भी हो सकता है तो इस पर कोई सवाल ही नही हैं कि उन्हे आये कितने साल हुये हैं। वो जब से आये हैं पालिटिकली वो मालामाल हुये हैं। सुना है उनसे रेडी रहने के लिये बोल दिया गया है।

### तावड़े की जुबान से क्यों निकली मंच पर माईक से लेनदेन की बात

तावड़े जो बात मंच से कह गये उस बात में पंच है और भाजपाई ही कह रहे हैं कि उनकी बात एकदम टंच है। बात जो कही गई और बात जो सुनी गई उसका सार ये है कि पद के बदले लेनदेन की बात अगर अब सुनी भी गई तो उसकी खैर नही। पुराने भाजपाई ने कहा कि कुछ तो आग है जो ये धुंआ उठ रहा है। अब से पहले ये सवाल कभी नही उठा लेकिन अब तो नेशनल वालों के मुख से मंच पर उठ रहा है। कहने वाले ने कहा भी कि क्या एलीफेंट कलर इधर भी आ गया है। सूटकेस कल्चर फूल वालों में आ गया।

# टीबी से लड़ने के लिए नई क्षमता, नए विचार और मजबूत साझेदारी की जरूरत : डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

## 50 से ज्यादा अस्पतालों ने ली उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की शपथ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश को टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) से मुक्त करने के मिशन में 50 से ज्यादा निजी अस्पतालों ने एकजुट होकर शपथ ली है। बुधवार को गाजियाबाद के कौशांबी स्थित रेडिसन होटल में 'टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश' के लिए कॉर्पोरेट अस्पतालों के संघ का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन भारत के सबसे बड़े निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एएचपीआई) और यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी ने किया। इसे यूएसएआईडी/इंडिया समर्थित आईडीईएफईएटी टीबी प्रोजेक्ट के तहत 'कॉर्पोरेट टीबी प्लेज' पहल से तकनीकी समर्थन मिला। इस पहल को स्वास्थ्य मंत्रालय के केंद्रीय विभाग के मार्गदर्शन में लागू किया गया है, जो टीबी खत्म करने में सरकारी और निजी सहयोग की अहमियत दिखाता है। बता दें कि ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत में दुनिया के 26% नए टीबी मामले दर्ज होते हैं। निजी अस्पतालों में 50% से ज्यादा टीबी मामलों का पता चलता है, ऐसे में इनकी भागीदारी को बेहद अहम माना जा रहा है।

### टीबी को खत्म करने के लिए साथ मिलकर काम करना जरूरी : डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर का साथ मिलकर काम करना बहुत जरूरी है। इस तरह की पहलें राज्य में टीबी से लड़ने के लिए नई क्षमता, नए विचार और मजबूत साझेदारी बनाने में मदद करती हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी अस्पतालों ने एकजुट होकर टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प लिया। यह पहल राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और टीबी के इलाज में नई दिशा देने का प्रयास है।

### 'टीबी से लड़ने में निजी अस्पताल निभा सकते हैं अहम भूमिका'

यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी की एमडी, डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई में निजी अस्पताल अहम भूमिका निभा सकते हैं। हमारी कोशिश है कि टीबी का शुरुआती पता लगाकर सही इलाज दिया जाए और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जाए। यशोदा अस्पताल में हमारा मकसद ऐसी साझेदारियां बनाना है, जो जल्दी टीबी की पहचान, सही इलाज और जागरूकता बढ़ाने में मदद करें।

# बदमाशों ने युवती से आईफोन लूटकर खाते में लगाई सेंध

## वीडियो वायरल कर पीड़िता बोली- एसएचओ ने की बदसलूकी



● पुलिस ने एक बदमाश को पकड़कर उसे दोबारा थाने बुलाया और लूट की तहरीर ली

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में बाइक सवार बदमाशों ने सेक्टर-58 क्षेत्र में एक युवती से आईफोन 13 लूट लिया। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने ऑनलाइन मोबाइल गुमशुदगी में केस दर्ज कर लिया। युवती का आरोप है कि अब इस मामले में पुलिस ने एक बदमाश को पकड़कर उसे दोबारा थाने बुलाया और लूट की तहरीर ली है। साथ ही एसएचओ पर भी बदसलूकी का आरोप लगाया है। इस घटनाक्रम को बताते हुए युवती की दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

जानकारी के मुताबिक मूल रूप से जबलपुर की रहने वाली श्रुति जैन सेक्टर-58 स्थित बिशनपुरा में किराए के मकान में रहती है। श्रुति ने बताया कि वह सेक्टर-60 स्थित एक कंपनी में जॉब करती है। वह 6 दिसम्बर को शाम कंपनी से घर लौट रही थी। रास्ते में सी-10 सेक्टर-58 के पास बाइक सवार दो बदमाश उसके हाथ से आईफोन 13 लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने लूट की बजाए ऑनलाइन मोबाइल गुमशुदगी की शिकायज दर्ज करा ली।

इस घटना के बाद पुलिस ने उसे बताया कि उसका मोबाइल जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। इस बीच बदमाशों ने मोबाइल के जरिए उसके तीन बैंक खातों से करीब 10 हजार रुपये भी ट्रांसफर कर लिए।

### दो वीडियो वायरल

पीड़िता के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस वीडियो में श्रुति पूरे घटनाक्रम को बताती दिख रही है। श्रुति एसएचओ पर भी गंभीर आरोप लगा रही है। इस संबंध में थाना सेक्टर- 58 प्रभारी का कहना है कि यह घटना में उनके संज्ञान में नहीं आई है। अगर ऐसा कुछ हुआ है तो वह पता करके जांच कराएंगे।

### थाने बुलाकर दोबारा ली तहरीर

श्रुति ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने उसे दोबारा पुलिस चौकी पर बुलाया और लूट की तहरीर लिखवाकर अपने पास रख ली। उससे कहा कि कुछ देर थाने में रूको, हम मोबाइल लूटने वाले बदमाशों को पकड़कर लाते हैं। लेकिन कई घंटे बाद भी पुलिस वापस नहीं आई। इस बीच थाना सेक्टर-58 प्रभारी पहुंचे और उन लोगों से बदसलूकी करते हुए उन्हें वहां से भगा दिया। श्रुति ने बताया कि थाना प्रभारी ने उससे बदसलूकी की और उनके साथ आई एक महिला से भी बत्तमीजी भी की।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 9.10 लाख ठगे: निवेश कर मुनाफा कमाने का तरीका बताया, खातों में मंगवाया पैसा




**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक युवक से 9.10 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित मोहल्ला शिवदयालपुरा निवासी मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित ने बताया कि 19 जुलाई को उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। जहां शेयर बाजार ट्रेडिंग की जानकारी दी जा रही थी। ग्रुप में आए लिंक पर क्लिक करने के बाद शाहिद की बात राहुल मित्तल नाम के व्यक्ति से हुई। जिसने शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का तरीका बताया। 2 अगस्त को ग्रुप में एक नए ऐप के लॉन्च की जानकारी दी गई। जिसे आदित्य बिरला मनी लिमिटेड के नाम से प्रचारित किया गया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

शाहिद ने ऐप इंस्टॉल कर उसकी प्रक्रिया पूरी की। शुरूआत में ऐप ने थोड़ा मुनाफा दिखाया, जिससे शाहिद को भरोसा हो गया। ठगों के कहने पर उसने अलग-अलग तिथियों में 9.10 लाख रुपये कई खातों में जमा कर दिए।

जब उसने मुनाफे के पैसे मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद शाहिद को ठगी का एहसास हुआ। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# वार्ड 96 में पेयजल लाइन का पार्षद मदन राय ने किया उद्घाटन, 600 घरों को मिलेगा लाभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 86 के राजेंद्र नगर सेक्टर पांच स्थित एचआईवी ब्लॉक में पानी की लाइन डालने का उद्घाटन भाजपा पार्षद मदन राय ने किया। यह कार्य करके पेयजल पाइपलाइन का विस्तार कराया गया है, लोगों को मिले निशुल्क कनेक्शन। इसके साथ ही उसके आस-पास के घरों को पेयजल आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन का विस्तार किया गया।

पेयजल लाइन का उद्घाटन करने पहुंचे पार्षद मदन राय का वार्ड के लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही इस परियोजना का वार्ड में सौगात दिए जाने के लिए का आभार जताया। इस अवसर पर अनिता राय, सीमा बक्शी, कार्तिक, उदयराज सिंह, गौतम, सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

# कारपेंटर ही निकला 50 लाख की चोरी का सरगना, पुलिस ने किये 25 लाख के जेवरात बरामद



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** लगभग 21 दिन पहले हुई करीब 50 लाख रुपए कीमत के जेवरात चोरी के मामले का पुलिस ने पटापेक्ष करते हुये घर में काम करने वाले कारपेंटर की निशानदेही से 25 लाख कीमत के जेवरात बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

गौरतलब हो कि तिबड़ा रोड निवासी श्रीराम अग्रवाल के घर से 23 नबंवर को चोरों ने घर की अलमारी का ताला तोड़ अलमारी में रखे करीब 50 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये थे। इस मामले में राम अग्रवापल की और से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया। पुलिस ने इस घटना में शामिल मेरठ के लिसाड़ी गेट निवासी समीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने बताया कि उसने राम अग्रवाल के मकान में कारपेन्टर का कार्य किया था। जिसके कार्य के दौरान इनके मकान में बनी हुई अलमारी से उसने सोने, चांदी व डायमन्ड के सामान को चोरी कर लिया तथा उक्त सामान को चोरी कर अपने घर समीर गार्डन थाना लिसाडी गेट मेरठ ले गया और अपने पिता मौहम्मद उमर के सहयोग से कुछ सामान को अपना बताकर कैपरी लोन बैंक सेन्ट्रल मार्किट शास्त्री नगर मेरठ से सवा तीन लाख रुपये का लोन लिया। पुलिस ने बदमाश के पास से 25 लाख कीमत की जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस ने बदमाश को जेल भेज दिया है।

## साहिबाबाद में विकास का नया अध्याय आरंभ

# मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सुनील कुमार शर्मा ने बुधवार को अपने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना (वर्ष 2023-2024) के अंतर्गत संपन्न हुए दो विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

उद्घाटन किए गए कार्य इस प्रकार हैं : (1) वार्ड नंबर 40 साहिबाबाद गांव में शिव मंदिर से लेकर राजेश्वर प्रसाद (पूर्व डिप्टी मेयर) के मकान तक नाली एवं सीसी रोड का निर्माण। (2) वार्ड नंबर 70 जनकपुरी के रामनगर कॉलोनी में आश्रम से लेकर राम निवास बंसल के खाली प्लॉट तक नाली और सीसी रोड का निर्माण।

इस अवसर पर मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। 'डबल इंजन' सरकार का यही लाभ है कि केंद्र और प्रदेश सरकार एक साथ मिलकर जनता की भलाई के लिए काम कर रही हैं। साहिबाबाद में किए जा रहे विकास कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी सरकार गरीब, महिला, और हर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। मंत्रीजी ने कहा कि ये विकास कार्य क्षेत्र की जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करते हुए जीवन स्तर को सुधारने में मदद करेंगे। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में अग्रणी बनाने के लिए सरकार लगातार निवेश कर रही है। इस मौके पर हिमांशु चौधरी पार्षद वार्ड 40 गांव साहिबाबाद, मनीष त्यागी, लोकेंद्र चौधरी, वेद प्रकाश चौधरी, कुसुम पाल चौधरी, देवेंद्र त्यागी, विनेश कौशिक, दलजीत सिंह, गुंजन श्रीवास्तव, भगवान चौधरी, विजेंद्र चौधरी, सुमित चौधरी, सुधीर त्यागी मंडल, अध्यक्ष विनय चौधरी पार्षद, विकास तेवतिया, विकास चौधरी, चंद्रभूषण पूर्व पार्षद, राजवीर गौड़, जितेंद्र सोलंकी, प्रेमपाल, विपिन, शेर बहादुर, रामकुमार, नरेश शर्मा, राजेश गुप्ता, गोरे पांडे, जितेंद्र शर्मा, हरचरण सिंह, बिट्टू देवकरण, उमेश शंकर तिवारी, सुनील पांडे, रामनिवास बंसल पार्षद आदि उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेडिंग सीजन चल रहा है और उनके लिए भी यादगार है जिनकी जोड़ी इसी महीने में बनी है। बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जाटव एडवोकेट के लिए ये वर्ष ये तारीख कुछ खास है। इस वर्ष उन्होंने पूरे हर्ष के साथ अपनी मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली मनाई। अपनी खुशी को अपने सभी रिश्तेदारों, परिजनों, समर्थकों, शुभचिंतकों के साथ साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मार्शल लॉ लगाने के मामले में देश के पुलिस प्रमुख पर कार्रवाई, एक और अधिकारी पर बिठाई गई जांच

**सोल ।** दक्षिण कोरिया में बीते हफ्ते राष्ट्रपति यून सुक योल की तरफ से लगाए गए मार्शल लॉ को लेकर कार्रवाई जारी है। अब तक देश में यून के खिलाफ तो कोई खास कदम नहीं उठाया गया है, पर मार्शल लॉ को लागू करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरनी जारी है। इसका ताजा शिकार बने हैं दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के आयुक्त जनरल चो जी हो। इसके अलावा एक और पुलिस अफसर किम बॉन्ग सिक पर भी कार्रवाई शुरू की गई है। वह दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में मेट्रोपोलिटन पुलिस एजेंसी के प्रमुख हैं। दोनों को सोल के नैमदेमुन पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया है।

पुलिस के दोनों उच्चाधिकारियों के खिलाफ राजधानी सोल में स्थित संसद के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस



बल तैनात करने का आरोप है, जिसे सांसदों को अंदर घुसने से रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। तब सांसदों का एक बड़ा समूह राष्ट्रपति यून की तरफ से लगाए गए मार्शल लॉ को हटाने के लिए संसद में वोटिंग करना चाहते थे। हालांकि, पुलिसबल की तैनाती की वजह से उन्हें मुख्य दरवाजे से एंट्री नहीं मिली थी। बाद में सांसद खिड़कियों और अन्य रास्तों से संसद में घुसे।

### यून के खिलाफ फिर लाया गया महाभियोग प्रस्ताव

पुलिस के दो सबसे बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई का यह कदम ऐसे समय में आया है, जब दक्षिण कोरिया के मुख्य विपक्षी दल-डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति यून पर महाभियोग चलाने के लिए एक और प्रस्ताव दिया है। गौरतलब है कि देश की प्रमुख कानूनी एजेंसियां राष्ट्रपति की तरफ से मार्शल लॉ लगाने के कदम की जांच कर रही हैं और पता लगा रही है कि यून का एलान बगावत था या नहीं। बीते हफ्ते ही यून के खिलाफ लाया गया महाभियोग का एक प्रस्ताव सफल नहीं हो पाया था। तब सत्तासीन पार्टी ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया था। हालांकि, विपक्ष अब फिर शनिवार तक महाभियोग प्रस्ताव पर वोटिंग चाहता है।

**रक्षा मंत्री की हो चुकी है गिरफ्तारी**

इस पूरे घटनाक्रम के बाद राष्ट्रपति यून ने अपने रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। बाद में उन्हें मार्शल लॉ के फैसले में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार कर लिया गया

स्थानीय मीडिया के अनुसार, किम योंग-ह्यून पर यात्रा प्रतिबंध भी लगा दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। वहीं रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को तीन वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया, जो इस ऑपरेशन में शामिल थे।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने मार्शल लॉ ऑपरेशन में शामिल तीन वरिष्ठ कमांडरों को निलंबित कर दिया है, जिसके तहत बड़ी संख्या में सैनिकों को संसद के बाहर तैनात किया गया था।

# हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने को दखल दे यूएन, बीएमए ने कहा- अल्पसंख्यकों की पीड़ा को नहीं कर सकते नजरअंदाज

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका और यूरोप के विभिन्न हिंदू समूहों से मिलकर बने बांग्लादेशी अल्पसंख्यक गठबंधन ने संयुक्त राष्ट्र से बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

बांग्लादेशी अल्पसंख्यक गठबंधन (बीएमए) में शामिल केयर्स ग्लोबल की ऋचा गौतम ने कहा, हिंदुओं व बौद्धों का उत्पीड़न महज शासन की उदासीनता का मामला नहीं है। यह मानवता की अंतरात्मा व उसके उदासीन प्रयासों पर एक धब्बा है। अल्पसंख्यकों की पीड़ा नजरअंदाज नहीं की जा सकती।

### व्हाइट हाउस से संसद तक मार्च

इस दौरान भारतीय मूल के लोगों ने नारेबाजी की और अमेरिकी प्रशासन से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन व नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश की नई सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहें।




बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने व्हाइट हाउस (राष्ट्रपति आवास) से लेकर संसद भवन तक मार्च निकाला

# विस्थापितों को पनाह दे रहे घर पर एयरस्ट्राइक, 19 की गई जान

## एक दिन में कुल 26 मौतें

**यरुशलम ।** इस्राइल की तरफ से गाजा पर हमले लगातार जारी हैं। मंगलवार-बुधवार के दौरान इस्राइल की तरफ से हुए हमलों में कुल 26 लोगों की जान चली गई। बताया गया है कि इस्राइली वायुसेना ने देर रात विस्थापित लोगों को शरण दे रहे घर पर हमला कर दिया। इसमें ही 19 की मौत हो गई।

फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि इस्राइल का यह हमला बेत लाहिया इलाके में बॉर्डर के करीब हुआ। कमाल अदवान अस्पताल, जहां मृतकों के शव पहुंचाए गए ने कहा कि इन हमलों में आठ लोगों का पूरा परिवार मारा गया। इनमें चार बच्चे, उनके माता-पिता और दादा-दादी मारे गए।

इसके अलावा मध्य गाजा में नुसेरत शरणार्थी कैंप में हुए एक हमले



में सात लोगों की मौत हो गई। अवदा अस्पताल के रिकॉर्ड के मुताबिक, इस हमले में दो बच्चे, उनके माता-पिता और उनके तीन रिश्तेदारों की मौत हुई है। इन हमलों को लेकर इस्राइल की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। हालांकि, वह उत्तरी गाजा में हमास के चरमपंथियों के खिलाफ अक्तूबर से ही नए सिरे से हमला कर रहा है। इस्राइली सेना का कहना है कि वह आम लोगों को बचाने के लिए पूरे एहतियात बरत रहा है।

# सीरिया में घुसे इस्राइली युद्धक विमान सेना ने कहा- बफर जोन में हैं सैनिक

**दमिश्क ।** सीरिया के एक युद्ध पर्यवेक्षक ने मंगलवार को कहा कि इस्राइल ने सीरिया में भारी हवाई हमले किए हैं। उसके सैनिक देश में और अंदर घुसकर राजधानी के 25 किलोमीटर के भीतर तक पहुंच गए हैं। इस्राइल ने भले ही बलों के दमिश्क में घुसने की बात को खारिज किया है लेकिन दमिश्क में मंगलवार को शहर और उसके उपनगरों में भारी हवाई हमलों की आवाज सुनाई दी है। तस्वीरों में नष्ट हुए मिसाइल लांचर, हेलिकॉप्टर और युद्धक विमान दिखाई दे रहे हैं। अभी विद्रोहियों की कोई टिप्पणी नहीं आई है।

दमिश्क पर कब्जा करने वाले हयात तहरीर अल-शम या एचटीएस



के नेतृत्व वाले विद्रोही समूह अभी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हैं। इस्राइल ने पहले सीरिया के अंदर लगभग 400 वर्ग किलोमीटर के बफर जोन पर कब्जा कर लिया था, जिसे 1973 के पश्चिम एशिया युद्ध के बाद स्थापित किया गया था। यह कदम राष्ट्रपति बशर असद को अपदस्थ किए जाने के बाद हमलों को रोकने के लिए उठाया गया। इस्राइल ने कहा, वह संदिग्ध रासायनिक हथियार स्थलों और भारी हथियारों पर हमला कर रहा है ताकि उन्हें चरमपंथियों के हाथों में पड़ने से रोका जा सके। जबकि इस्राइल का अपने पड़ोसियों के साथ युद्ध के दौरान क्षेत्र पर कब्जा करने और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अनिश्चित काल तक उस पर कब्जा रखने का एक लंबा इतिहास रहा है।

इस्राइल के बफर जोन पर कब्जा करने की मिस्र, कतर और सऊदी अरब ने निंदा की है। सऊदी अरब ने कहा है कि यह कदम सीरिया की सुरक्षा बहाल करने की संभावनाएं बर्बाद कर देगा।

# अमेरिका में जन्म से ही नागरिकता मिलने के नियम को बदलवा सकते हैं ट्रंप, भारतीयों पर क्या होगा असर

**नईदिल्ली ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उस कानून को हास्यास्पद बताया, जिसके तहत देश में जन्मे किसी भी व्यक्ति को अपने आप अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है। ट्रंप ने इशारा किया कि वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद इस कानून को खत्म करवाने के लिए कदम उठाएंगे।

ट्रंप के लिए नागरिकता से जुड़ा यह कदम इतना भी आसान हीं होगा, लेकिन अगर वे इस नियम को बदलवाने में सफल होते हैं तो इसका दूरगामी असर क्या होगा? इसका भारतीयों समेत बाकी देशों के नागरिकों पर क्या प्रभाव पड़ेगा? पहले जानें-क्या है जन्म से नागरिकता का नियम, ट्रंप की क्या मंशा? बड़ी बात यह है कि यह अधिकार अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के तहत



दिया गया है, जिससे देश की सीमाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में जन्में हर व्यक्ति को अपने आप ही अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है, फिर चाहे उसके माता-पिता किसी भी मूल के हों।

ट्रंप ने कहा कि वह जन्म से मिलने वाले नागरिकता के नियम को भी बदल देंगे। ट्रंप ने कहा कि हमें इसे खत्म करना होगा। बाकी देशों में यह चलन नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के नियम से देश के सिस्टम का फायदा उठाया जाता है और अमेरिकी नागरिक बनने के मानक थोड़े सख्त होने चाहिए। ट्रंप और उनके समर्थकों का कहना है कि इस नियम से बर्थ टूरिज्म (बच्चों के जन्म के लिए पर्यटन) को बढ़ावा मिलता है। इसके तहत माता-पिता अपने बच्चों के जन्म के लिए अमेरिका का दौरा करते हैं, ताकि उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाए।

ट्रंप का कहना है कि वे परिवारों को नहीं तोड़ना चाहते, इसलिए वे पूरे के पूरे परिवारों को ही एक साथ वापस उनके देश भेजने के पक्षधर हैं। रिपब्लिकन नेता ने दावा किया कि अमेरिका इकलौता देश है, जहां पर यह नियम है। हालांकि, उनका यह दावा गलत है, क्योंकि दुनिया के 34 अन्य देशों में भी यह नियम हैं।

### क्यों मुश्किल है ट्रंप के लिए यह वादा निभाना?

ट्रंप का यह वादा उनके लिए गले की फांस भी बन सकता है। दरअसल, अमेरिकी संविधान को बदलने के नियम काफी सख्त हैं।

# मार्शल लॉ को लेकर राष्ट्रपति के कार्यालय पर छापेमारी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल के कार्यालय पर बुधवार को पुलिस ने छापा मारा। छापेमारी देश में मार्शल लॉ लागू करने के मामले की जांच के तहत की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, सियोल



मेट्रोपॉलिटन पुलिस और नेशनल असेंबली पुलिस गार्ड्स के कार्यालयों पर भी छापे मारे गए हैं। इस बीच खबर है कि दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून ने आत्महत्या का प्रयास किया। गनीमत रही कि उन्हें बचा लिया गया और अब उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले मार्शल लॉ को लागू करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरनी जारी है।

# पड़ोस में एक साथ दो मोर्चों पर जुटा चीन

## ताइवान के बाद जापान के पास भेजे 90 नौसैनिक पोत

**ताइपे ।** चीन ने ताइवान के साथ-साथ दक्षिण चीन सागर में भी अपनी ताकत का प्रदर्शन जारी रखा है। ताजा घटनाक्रम में उसने क्षेत्र के पास ही जापान के अधिकार वाले एक द्वीप के करीब 90 नौसैनिक और कोस्ट गार्ड्स से जुड़े पोत भेजे दिए हैं। ताइवान के रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बीते तीन दशकों में यह चीन की तरफ से सबसे बड़ी तैनाती है।



ताइवान के अधिकारियों का कहना है कि चीन का यह कदम जापान के करीब सैन्य अभ्यास की तरह है। हालांकि, चीन ने अब तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि वह क्षेत्र में युद्धाभ्यास कर रहा है या नहीं।

ताइवान के रक्षा मामलों से जुड़ी प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए एक अधिकारी ने कहा, ₹बीजिंग के अभियान न सिर्फ ताइपे को निशाना बना रहे हैं, बल्कि वह क्षेत्र में मौजूद देशों को भी अपनी क्षमता दिखाने की कोशिश हैं। खासकर जापान और फिलीपींस को, ताकि वह ताइवान की रक्षा के लिए आगे न आ पाएं।₹

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुन ली-फेंग ने कहा, ₹चीन की ओर से मौजूदा समय में नौसैन्य तैनाती उसके बीते चार युद्धाभ्यासों से ज्यादा है।₹ उन्होंने कहा, ₹ताइवान के आसपास के क्षेत्रों में आवाजाही रोकने के साथ ही चीन पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में दो दीवारें बना रहा है। वह ताइवान के हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र के पूर्वी छोर और प्रशांत महासागर में एक और जगह बड़ी संख्या में पोतों को तैनात कर रहा है।₹

उन्होंने आगे कहा, ₹इन दो दीवारों के जरिए चीन साफ संदेश दे रहा है: ताइवान जलडमरूमध्य हमारा क्षेत्र है और इसके आसपास के मुद्दे चीन की सेना- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और देश की सरकार संभालेगी।

# अफगानिस्तान, पाकिस्तान और अब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले पर कनाडा में रोष

**टोरंटो ।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती जा रही है। यहां मोहम्मद युनूस की सरकार के बनने के बाद कट्टरपंथी संगठनों के हौसले और भी ज्यादा बुलंद हो गए हैं। उपद्रवी कभी मंदिरों तो कभी उनके घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाल ही में हिंदुओं के जाने-माने नेता चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के बाद से यहां लगातार तनाव जारी है। इस हिंसक रवैये की चिंगारी कनाडा तक पहुंच गई है। यहां हिंदू समुदाय के लोग टोरंटो में स्थित बांग्लादेशी दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### 'बांग्लादेश अल्पसंख्यकों की हत्या करना बंद करे'

हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एक कनाडाई नागरिक ने कहा, 'हम कनाडाई हिंदू टोरंटो में बांग्लादेश दूतावास के सामने विरोध



करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। हम विरोध कर रहे हैं क्योंकि हमने देखा है कि इस साल की तीन अगस्त से बांग्लादेश में क्या हो रहा है। हम चाहते हैं कि बांग्लादेश अल्पसंख्यकों, हिंदुओं की हत्या करना बंद करे।'

### अफगानिस्तान, पाकिस्तान और अब...

बांग्लादेशी मूल की एक महिला ने विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा बनकर कहा, 'आज बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, बांग्लादेशी मूल होने के नाते मेरी संवेदना उनके साथ है। इसे रोकने की जरूरत है। हम अफगानिस्तान से गायब हो गए हैं और हम पाकिस्तान से गायब हो गए हैं, अगर हमें अभी नहीं बचाया गया, तो हम बांग्लादेश से भी गायब हो जाएंगे। यह हमारी जमीन थी, हमारी 14 पीढ़ियां वहीं पैदा हुईं।

# चीन से मुकाबले के लिए रूस के साथ अरबों के रक्षा सौदे कर सकता है भारत, इस रडार की खरीद हो सकती है खास

**मॉस्को ।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रूस दौरा जारी है। उन्होंने एक दिन पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों देशों की दोस्ती को सबसे गहरे महासागर से भी गहरा करार दिया। बताया जा रहा है कि इस बीच दोनों देशों के बीच एक बड़े रक्षा समझौतों को लेकर चचाएं अंतिम चरणों में है। पड़ोसी चीन के खतरे को देखते हुए भारत ने रूस से कई अहम हथियार और सुरक्षा प्रणाली खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। ऐसे में वह करीब 4 अरब डॉलर के साजो-सामान की खरीद का मन बना चुका है।

बताया गया है कि इस समझौते में जिन हथियार प्रणालियों पर बातचीत चल रही है, उनमें सबसे अहम वोरोनेझ रडार सिस्टम की श्रृंखला है, जिसे रूस की अल्माज-एंटेय कॉरपोरेशन की तरफ से बनाया जाता है। यह कंपनी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम और रडार बनाने में विशेषज्ञ मानी जाती है।



वोरोनेझ रडार लंबी दूरी तक खतरे की पहचान करने वाला रडार सिस्टम है।

इसकी रेंज 8,000 किलोमीटर तक है। इसके जरिए बैलिस्टिक मिसाइल, फाइटर जेट्स और अंतरद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) जैसे खतरों की भी आसानी से पहचान और ट्रैकिंग की जा सकती है। अगर भारत इस एडवांस रडार सिस्टम को हासिल कर लेता है तो वह चीन, दक्षिण, मध्य एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र से आने वाले खतरों का भी आसानी से पता लगाने के बाद उन्हें रोक सकता है।

इसकी जबरदस्त रेंज की वजह से यह दूरी से आने वाली आईसीबीएम और पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में स्थित वस्तुओं की पहचान भी सकता है। रशिया टुडे के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते कोलेकर काफी समय से चचाएं जारी हैं।

पिछले महीने ही अल्माज-एंटेय की एक टीम भारत गई थी, ताकि वहां इसे बनाने के लिए प्रोजेक्ट के साझेदार पर बात बन सके। एक और रिपोर्ट में कहा गया है।

**वोरोनेझ रडार सिस्टम एक साथ 500 चीजों का एक साथ पता लगा सकता है। इसकी कुल रेंज 10 हजार किलोमीटर तक है। ऊंचाई के हिसाब से इसकी रेंज 8,000 किमी तक है। वहीं सतह पर इसकी पहुंच 6,000 किमी तक है। मॉस्को का कहना है कि वोरोनेझ रडार सिस्टम स्टेल्थ एयरक्राफ्ट को भी ट्रैक कर सकता है**

# स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू की 16वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहीद स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू की 16वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राज नगर के आरडीसी में आयोजित इस रक्तदान शिविर में स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# लोकसभा स्पीकर से राहुल की मुलाकात

## बीजेपी के आरोपों को आधारहीन बताया, अपने खिलाफ हुई टिप्पणियां हटाने की मांग की



**नई दिल्ली।** राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा में 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा चाहती है और वह सुनिश्चित करेंगे कि सदन ठीक ढंग से चले, जबकि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल ने इस दौरान लोकसभा में भाजपा सांसदों की तरफ से अपने खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की। कांग्रेस नेता ने स्पीकर से अपील की कि वह लोकसभा की कार्यवाही को ठीक ढंग से चलना सुनिश्चित करें। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के नेता उनके खिलाफ आधारहीन आरोप लगा रहे हैं, ताकि वे अदाणी के मुद्दे से ध्यान बंटा सकें। लेकिन उन्हें ऐसे आरोपों से फर्क नहीं पड़ता। राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा में 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा चाहती है और वह सुनिश्चित करेंगे कि सदन ठीक ढंग से चले, जबकि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। राहुल ने कहा, मैंने अभी स्पीकर के साथ बैठक की और उन्हें बताया कि हमारी पार्टी चाहती है कि मेरे खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाया जाए। स्पीकर ने कहा कि वह इस पर गौर करेंगे। वह (भाजपा के लोग) हर तरह के आधारहीन आरोप लगा रहे हैं, लेकिन हमने फैसला किया है कि हम सदन को ठीक ढंग से चलने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वह चाहे कुछ भी भड़काऊ बात कहें, हम उन्हें कहने देंगे। लेकिन हम कोशिश करेंगे और सदन चलने देंगे। हम चाहते हैं किसी तरह सदन की कार्यवाही चलती रहे। हम चाहते हैं कि सदन में बहस और चचाएं हों। हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हो। राहुल ने कहा कि भाजपा सांसद मेरे खिलाफ जिस मुद्दे पर चाहें, उस पर बोलें, लेकिन संविधान के मुद्दे पर बहस होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अदाणी के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहते। हम इस मुद्दे को अंत के लिए नहीं छोड़ना चाहते। इस बीच जब राहुल गांधी से भाजपा के उन आरोपों पर सवाल पूछा गया, जिनमें जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के जुड़ाव की बात कही गई तो इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, वह आरोप लगाना जारी रखेंगे। उन्हें मेरे खिलाफ आरोप लगाने दीजिए। हम चाहते हैं कि सदन की कार्यवाही ठीक ढंग से चलती रहे। गौरव गोगोई ने भी अपमानजनक टिप्पणी रिकॉर्ड से हटाने की मांग की इससे पहले, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने लोकसभा अध्यक्ष से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर मुख्य विपक्षी दल की शिकायत पर गौर करने और उन्हें रिकॉर्ड से हटाने की अपील की थी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पांच दिसंबर को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत विपक्षी दलों पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की संसद, सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। इस पर भारी हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही बाधित हुई थी।

# आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की शर्तों में दी ढील




**नई दिल्ली।** सिसोदिया को रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने, इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पहले 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद अलग-अलग आरोपों के तहत ईडी ने भी सिसोदिया पर शिकंजा कसा। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत शर्तों में ढील दी है। जमानत की शर्तों के मुताबिक उनको भ्रष्टाचार और मनी लॉड्रिंग से जुड़े मामलों में सप्ताह में दो बार जांच अधिकारी के सामने पेश होना था। अब सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि यह जरूरी नहीं है। वे नियमित रूप से अदालत में मामले की सुनवाई में शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 22 नवंबर को आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत की शर्तों पर छूट की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की मंजूरी दे दी थी। कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने नौ अगस्त को आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को जमानत दे दी थी। इस दौरान कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया 17 महीने से हिरासत में हैं और अभी तक मुकदमा शुरू नहीं हुआ है, जिससे उन्हें त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित होना पड़ा। शीर्ष अदालत की शर्तों के अनुसार, उन्हें प्रत्येक सप्ताह सोमवार और गुरुवार को सुबह के 10 से 11 बजे के बीच जांच अधिकारी को रिपोर्ट करना होगा। 22 नवंबर को हुई सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि आप नेता जांच अधिकारियों के सामने 60 बार पेश हुए।

### क्या था मामला

सिसोदिया को रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने, इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पहले 26 फरवरी, 2023 को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। बाद में कई अलग-अलग आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने भी सिसोदिया पर शिकंजा कसा। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि सिसोदिया ने आरोपों से इन्कार किया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेश में यह कहा था

कोर्ट ने नौ अगस्त को सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा था कि इन मामलों में जमानत मांगने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट में भेजना न्याय का मखौल उड़ाना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट यह स्वीकार करें कि जमानत का सिद्धांत एक नियम है और जेल एक अपवाद है।

# गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं दबंगों को सबक सिखाएं : सीएम योगी



**गोरखपुर ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को करारा कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनी। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें।

# केजरीवाल ने आप-कांग्रेस के गठबंधन की अटकलों पर लगाया विराम, बोले- अकेले लड़ेंगे चुनाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की खबरों पर अरविंद केजरीवाल ने विराम लगा दिया है।

केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बात अंतिम चरण में है। गठबंधन में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के अलावा इंडिया गठबंधन के कुछ अन्य दलों को भी शामिल करने की बात सामने आई। कहा जा रहा था कि कांग्रेस को 15 सीटें और अन्य इंडिया गठबंधन सदस्यों को 1 या 2 सीटें मिल सकती हैं। बाकी सीटों पर आम आदमी पार्टी खुद चुनाव लड़ेगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी अब तक दो सूची जारी कर चुकी है। पहली सूची में पार्टी 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया। वहीं, दूसरी सूची में सोमवार को 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली में अगले साल 2025 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उम्मीद है कि फरवरी में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। जनवरी में चुनाव आयोग चुनावों की तारीख का एलान भी सकता है। दिल्ली में कांग्रेस आप के बीच कोई गठबंधन नहीं हुआ है। वहीं भाजपा भी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। 2020 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। भाजपा के खाते में 8 सीटें गई थीं, जबकि कांग्रेस के हाथ खाली रहे थे।

### दिल्ली में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी आपः केजरीवाल

एएनआई की ओर से सूत्रों के हवाले से किए गए दावे पर अरविंद केजरीवाल ने जवाब देते हुए खंडन किया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर एनआई के पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा, 'आम आदमी पार्टी दिल्ली में इस चुनाव में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन को कोई संभावना नहीं है।'

### कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं: संजय सिंह

आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने कहा, 'पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने साफ कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होने जा रहा है। आप अकेले ही चुनाव लड़ेगी।'

### गठबंधन का सवाल ही पैदी नहीं होता: राघव चड्ढा

आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा, 'मैं स्पष्ट कर देता हूं कि आने वाला दिल्ली चुनाव आप अपने संगठन की ताकत और अपने राजनीतिक बलबूते पर लड़ेगी। किसी प्रकार का कोई गठबंधन का सवाल ही पैदी नहीं होता।'

# सीएम डॉ. यादव ने 1.29 करोड़ लाडली बहनों के खातों में ट्रांसफर की राशि ,गीता पाठ का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**भोपाल।** प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के लिए खुशखबरी का दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उनके खातों में 1572.75 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। मोहन सरकार के एक साल पूरे होने पर 11 से 26 दिसंबर तक जनकल्याण पर्व के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर 7 हजार प्रतिभागियों ने सामूहिक गीता पाठ कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में जन कल्याण पर्व के अंतर्गत महिला सम्मेलन और गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। गीता जयंती के अवसर पर बुधवार को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम के लाल परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सात जार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें 3721 आचार्यों ने गीता के तृतीय अध्याय का सस्वर पाठ किया। यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। गिनजी बुक ऑफ ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एजुकेटर विश्वनाथ ने विश्व रिकॉर्ड की घोषणा की। जिसके बाद मुख्यमंत्री को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये की राशि प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में भेजी। इस राशि का वितरण मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व के शुभारंभ के साथ किया गया। लाड़ली बहना योजना को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। पहले योजना के तहत 1000 रुपये दिए जाते थे।

# कांग्रेस करती है तुष्टिकरण की राजनीति चेहरा फिर हुआ बेनकाब : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा पीड़ितों ने 10 दिसंबर को दिल्ली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये अराजकता फैलाने वालों के साथ बैठना पसंद करते हैं। इस मुलाकात पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति और कांग्रेस का यह चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। उन्हें हमास और फिलिस्तीन तो दिखता है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदू नहीं दिखते।

वे अराजकता फैलाने वालों के साथ बैठना पसंद करते हैं, लेकिन शांति को बढ़ावा देने के लिए कभी आगे नहीं आते। यह वही कांग्रेस है जो 'गलती से हिंदू' है। मैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से कहूंगा कि कुछ लोगों के संसद में चरण पड़ने से संसद की कार्यवाही ही बाधित हो गई। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांसद अनुराग ठाकुर दिल्ली में हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की है कि हर बूथ को मजबूत करें, ताकि दिल्ली की जनता की मांग को पूरा किया जा सके। जिससे भ्रष्ट और निकम्मी आम आदमी पार्टी सरकार से मुक्ति दिल्ली की जनता को मिल सके। जब बूथ मजबूत होंगे तो बूथ जीतेंगे और जब बूथ जीतेंगे तो हम चुनाव जीतेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा कि जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अगला चुनाव हारेंगे तो वे एक बार फिर ईवीएम को दोष देने का बहाना ढूंढ लेंगे। वे हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हार गए और जहां भी हारे, उन्होंने ईवीएम को दोष दिया। सच्चाई यह है कि जनता उनकी नीतियों और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने दिल्ली भाजपा प्रवक्ता अनिल गुप्ता के न्यू शाहदरा स्थित आवास पर पहुंचे।

# कांग्रेस का जगदीप धनखड़ पर हमला, कहा- राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। वह सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। वह स्कूल के हेडमास्टर की तरह काम करते हैं। अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें बोलने से रोकते हैं। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नियमों से ज्यादा राजनीति हो रही है। सभापति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करते हैं। राज्यसभा में व्यवधान का कारण खुद सभापति हैं। खरगे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। वह पदोन्नति के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। वह स्कूल के हेडमास्टर की तरह काम करते हैं। अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें बोलने से रोकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष का आचरण पद की गरिमा के विपरीत रहा है। वह विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हैं, अक्सर सरकार की प्रशंसा करते हैं। हमें मजबूरी में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम राज्यसभा अध्यक्ष के व्यवहार और पक्षपात से तंग आ चुके हैं। इसीलिए हमने उन्हें हटाने का नोटिस दिया है। हमारे पास राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ कुछ भी नहीं है, लेकिन उन्होंने हमारे पास उन्हें हटाने के लिए नोटिस के साथ आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष बोले कि हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र, संविधान की रक्षा के लिए और बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया है। उपराष्ट्रपति भारत में दूसरा सबसे बड़ा सांविधानिक पद है। 1952 के बाद से उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से, 17 को पेश हो सकता है 15 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट भी



**लखनऊ।** 16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है।

सत्र के पहल दिन औपचारिक कार्य जैसे अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी, जिसके बाद उसे पारित किया जाएगा। वहीं 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक 20 दिसंबर को सदन आधे दिन संचालित होगा। अनुपूरक बजट का मुख्य हिस्सा महाकुंभ के लिए परिवहन विभाग, नगर विकास विभाग सहित कुंभ से जुड़े अन्य विभागों को आवंटित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विकास और एमएसएमई को भी बजट में हिस्सा दिया जाएगा।अभी विभागों के पास पूर्व में आवंटित बजट ही काफी बचा है।

इसके अलावा भारत सरकार से भी अनुदान, वित्त आयोग सहित अन्य मदों से धन आ रहा है। लगभग 2.34 लाख करोड़ रुपये मार्च तक केंद्र से मिलना है। फरवरी के दूसरे हफ्ते में पूर्ण बजट आना है, इसलिए अनुपूरक बजट का आकार छोटा ही रहने की संभावना है। अनुपूरूक बजट के लिए सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। इससे पहले जुलाई में 12209 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया गया। तब बजट में सर्वाधिक 7500 करोड़ रुपये औद्योगिक विकास के लिए आवंटित किए गए थे।

### नौ अध्यादेश आएंगे

- उप्र निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र गो-सेवा आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (आठवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र राज्य लोक सेवा आयोग (प्रकिया का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (नौवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र निजी विश्वविद्यालय (दसवां संशोधन) अध्यादेश 2024
- उप्र राज्य क्रीडा विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश 2024